RNI No. CHHHIN/2009/35020



नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 269 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 24 जुलाई 2023

पेज -4 पर गांव गरीब किसानों की खुशहाली के लिए काम किया-डॉ. चरण दास

कांग्रेस नेता द्वारा सरकारी कर्मचारी की पिटाई पर ओपी ने आपत्ति जताई पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## वॉटरफॉल का जलस्तर बढ़ने से खतरे में पड़ी 1 हजार जिंदगियां, मच गया हड़कंप

**रायपुर।** बरसात में आकर्षण का केंद्र बना चिंगरा पगार झरने का मजा लेने इस वीकेंड में 10 हजार से भी ज्यादा लोग सुबह से जुटे हुए थे. दोपहर के बाद तेज बारिश हुई, जिससे झरने से होकर नीचे बहने वाला बरसाती नाला अचानक उफान पर आ गया. झरने और बरसात का मजा एक साथ लेने वालों के लिए बारिश मुसीबत बन गई. जिस वक्त नाला उफान पर आया उस वक्त झरने के इलाके में 1 हजार से भी ज्यादा लोग मौजूद थे। वहीं




प्रशासन को घटना की जानकारी मिलते ही आपदा मोचन बल और जिला पुलिस मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है. मुख्य मार्ग-130 से बारुका के पास वाहन रखकर लोग 3 किमी दूर झरने के लिए पैदल निकले थे. लिहाजा सड़क के दोनों छोर 2 किमी की दूरी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई है. नेशनल हाइवे में शाम ढलने से पहले पिछले दो घंटे से जाम की स्थिति निर्मित हो गई।

## सहारा निवेशकों के लिए सभी जिलों में शुरू होंगे सहायता केंद्र

### रायपुर में अमित शाह के सामने अरुण साव की घोषणा



**रायपुर।** रायपुर के दौरे पर पहुंचे अमित शाह ने शनिवार को भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति बनाई. रविवार को सहारा इंडिया और 12 अनुसूचित जनजाति के लोगों ने अमित शाह का अभिनंदन किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय दौरे के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आए थे. बीजेपी कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उन्हें चुनाव से संबंधित टास्क दिए गए. सूत्रों के हवाले से चर्चा है कि वह अब हर महीने शाह छत्तीसगढ़ आएंगे और वरिष्ठ नेताओं के साथ समीक्षा बैठक करेंगे. दिल्ली रवाना होने से पहले केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने बीजेपी कार्यालय के सभागार में विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की. केंद्र सरकार की तरफ से 12 अनुसूचित जनजाति जो मात्रात्मक त्रुटि के कारण अनुसूची जनजाति की सूची से बाहर थे, उन्हें अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर समाज के लोगो ने अमित शाह को धन्यवाद दिया. इसी तरह महरा समाज को एससी वर्ग में भी शामिल किया गया. बीजेपी ने इस महत्वपूर्ण अभियान में लाखों लोगों की समस्या और मांग के लिए संघर्ष किया है. अमित शाह की पहल पर और प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से आज विकास की दिशा में समाज आगे बढ़ा है। सहारा इंडिया के प्रभावितों के लिए पोर्टल शुरू कर निवेशकों की राशि वापस करवाने के लिए सहायता केंद्र खोलने पर भी लोगों ने अमित शाह का आभार जताया. कार्यक्रम के दौरान अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने घोषणा की कि सभी जिलों में सहारा निवेशकों के लिए सहायता केंद्र खोले जाएंगे. सहारा निवेशकों की करोड़ों की राशि को जारी करने का काम अमित शाह ने किया और ऐसा देश में पहली बार हुआ. सहारा निवेशकों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

### एक नजर

## कार्यकर्ताओं के घर नाम पट्टिका लगाकर कांग्रेस ने नए कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने रविवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घर-घर पहुंचकर उनके नाम पट्टिका लगाकर नए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अग्रवाल ने क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घरों में नाम पट्टिका लगाने के साथ ही क्षेत्र के नागरिकों से भेंट कर उनका हालचाल जाना, समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर निराकरण हेतु चर्चा भी की।

कन्हैया अग्रवाल ने नाम पट्टिका लगाने का काम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकर सेन के घर से प्रारंभ किया। भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 के पंचमुखी मंदिर, शीतला तालाब, श्रीराम नगर, यादव मोहल्ला इत्यादि क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घरों तक पहुंच कर नाम पट्टिका लगाई गई।

# नगर पंचायत धरमजयगढ़ ने पेड़ के नीचे लगाया वाटर कुलर, कभी भी हो सकती है चोरी ?

## खुले में वाटर कुलर लगाकर शासकीय राशि का बंदरबांट

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ नगर पंचायत किसी न किसी मुद्दे को लेकर सुर्खियों में रहता है। कुछ माह से अध्यक्ष पद को लेकर रोज उठक पटक हो रहा था। कुछ दिनों से अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर उठक पटक तो बंद हुआ लेकिन नगर पंचायत इस समय वाटर कुलर को लेकर नगर में खुब सुर्खियां बटोर रही है।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

गर्मी के दिनों में राहगिरों को पेय जल कि कोई सुविधा नगर पंचायत द्वारा नहीं किया जाता है लेकिन अब नगर पंचायत खुले में कई वाटर कुलर लगा कर नगर की शोभा बड़ा रही है। नगर में कितने वाटर कुलर नगर पंचायत द्वारा लगाया गया इसकी जानकारी नगर पंचायत के किसी भी अधिकारी कर्मचारी को नहीं है। जब इस संबंध में नगर पंचायत अधिकारी रामायण पण्डेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नगर पंचायत द्वारा कोई वाटर कुलर पेड़ के नीचे नहीं लगाया गया है। जब उन से पूछा गया कि नगर में 9 वाटर कुलर का चर्चा बहुत हो रही है कि नगर पंचायत द्वारा 9 वाटर कुलर खरीदा गया है जो बंदरबांट हो गया है, उस पर नगर पंचायत अधिकारी पाण्डेय ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा 9 वाटर कुलर नहीं खरीदा गया है। और अगर किसी ने मंगाया होगा तो वो जाने नगर पंचायत को न तो बील मिला है और न ही नगर पंचायत से वाटर कुलर खरीदी करने का आर्डर दिया है। अब आप खुद सोच सकते हैं कि नगर पंचायत में किस तरह से गोलमाल चल रहा है। नगर पंचायत के नाम पर आये वाटर कुलर कहां गये किसी को नहीं मालूम अब देखने वाली बात है कि नगर पंचायत 9 वाटर कुलर का बील भुगतान करता है कि नहीं।

# कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति के चेयरमैन बने दीपक बैज


## कमेटी में सीएम भूपेश और सिंहदेव भी शामिल

रायपुर। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति का ऐलान कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को इस समिति का चेयरमैन बनाया गया है। इसके अलावा समिति में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव शामिल हैं।



सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू समेत तमाम बड़े नेता को जगह दी गई है।

### मंत्री अकबर बनेंगे कांग्रेस घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष



BHARAT JODO YATRA

Phone: (O) 011-23019320, 011-23019080
E-mail: kcvenugopal.org@gmail.com, kcvenugopal.in@gmail.com
Website: www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. Venugopal, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011

23rd July, 2023

PRESS RELEASE

Hon'ble Congress President has approved the proposal for the constitution of Pradesh Election Committee for ensuing Assembly Elections in Chhattisgarh-2023, as follows, with immediate effect.

1. Shri Deepak Baij - Chairman
2. Shri Bhupesh Baghel
3. Dr. Charan Das Mahant
4. Shri T. S. Singh Deo
5. Shri Tamradhwaj Sahu
6. Shri Ravindra Chaubey
7. Mohd. Akbar
8. Dr. Shivkumar Dahariya
9. Smt. Anila Bhendiya
10. Shri Jai Singh Agrawal
11. Shri Mohan Markam
12. Shri Guru Rudra Kumar
13. Shri Dhanendra Sahu
14. Shri Satyanarayan Sharma
15. Shri Amitesh Shukla
16. Shri Vikas Upadhyay
17. Shri Rajesh Tiwari
18. Shri Paras Chopra
19. President, Pradesh Mahila Congress
20. President, Pradesh Youth Congress
21. President, State NSUI
22. Chief Organiser, State Seva Dal

(K.C. Venugopal)

इस संबंध में आदेश भी जारी हो गया है। समिति में मुख्यमंत्री के अलावा विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री रविंद्र चौबे, मंत्री मोहन मरकाम, सीनियर विधायक

डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष पद लेने से इनकार कर दिया है। जिसके बाद चुनाव से जुड़ी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मंत्री मोहम्मद अकबर को दिए जाने की खबर है। हाईकमान की ओर से इस जिम्मेदारी के लिए ऐसे चेहरे की तलाश की गई, जिसकी राजनीतिक समझ तो बेहतर हो ही साथ ही प्रदेश की तासीर के साथ जनभावनाओं को भी बखूबी समझता हो और इन सभी मापदण्डों में मंत्री अकबर बिल्कुल फिट बैठते हैं। अकबर कांग्रेस का परखा और खरा चेहरा भी है इसलिए इनका घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है।

## मुख्यमंत्री ने लोकमान्य तिलक और चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर उन्हें अर्पित किए श्रद्धासुमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और स्वर्गीय चंद्रशेखर आजाद की 23 जुलाई को जयंती पर उनके छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया है। स्वतंत्रता के लिए उनके संघर्ष को याद करते हुए श्री बघेल ने कहा कि तिलक जी और आजाद जी ने अपना पूरा जीवन देशप्रेम के लिए समर्पित कर दिया और अंतिम क्षण तक स्वाधीनता



के लिए संघर्ष करते रहे। उनकी राष्ट्रभक्ति आज भी लोगों को प्रेरणा देती है। श्री बघेल ने कहा कि लोकमान्य तिलक जी ने महाराष्ट्र में गणेश उत्सव की शुरूआत कर सामाजिक समरसता के नए युग का सूत्रपात किया।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति बेहद मजबूत, चुनौती देना मुश्किल : टीएस

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आए थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ हाईलेवल मीटिंग की और उसके बाद रविवार सुबह आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद गृह मंत्री शाह दिल्ली के लिए रवाना हो गए। गृह मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री टीएस



सिंदेव ने कहा कि अमित शाह अब छत्तीसगढ़ में किराए का मकान लेकर रहेंगे। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति बेहद मजबूत है। इसलिए हमारा शीर्ष नेतृत्व यहां का दौरा नहीं कर रही है। लेकिन भाजपा को पता है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को चुनौती देना मुश्किल है। इसलिए उनके बड़े नेता बार-बार छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस हर वर्ग के लिए काम किया है। हम काम के दम पर जनता का विश्वास जीत कर उसके बीच जाएंगे और 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## अमित शाह ने लंबे मंथन के बाद बनाई विशेष चुनावी रणनीति

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को रायपुर पहुंचे।उनके साथ छत्तीसगढ़ चुनाव सह प्रभारी डा. मनसुख मांडविया भी रायपुर आए । वें एयरपोर्ट से सीधे भाजपा के प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ देर रात विशेष बैठक की। आज रविवार सुबह 10-45 बजे वे वापस दिल्ली लौट गए। इसके पहले शाह ने पांच जुलाई को रायपुर में बैठक की थी। एक महीने के भीतर रायपुर में यह उनका दूसरा दौरा था।

### सिर्फ साव ने किया स्वागत

सूत्रों के मुताबिक एयरपोर्ट पर अमित शाह का स्वागत करने 22 लोगों के नाम तय थे मगर रायपुर आते ही अमित शाह ने एयरपोर्ट पर अधिक नेताओं से



मिलने-स्वागत करने पर रोक लगा दी। कह दिया कि सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष आए। इसके बाद अरुण साव ने ही शाह का एयरपोर्ट पर स्वागत किया।

### विशेष चुनावी रणनीति बनाई

पार्टी सूत्रों की मानें तो अमित शाह ने विशेष चुनाव अभियान चलाने की रणनीति बनाई है। इसके स्वरूप को पार्टी जल्द ही सामने लाएगी। पिछली पांच जुलाई को उन्होंने प्रदेश भाजपा प्रभारी और सह प्रभारी को विधानसभावार पार्टी की स्थिति की रिपोर्ट मांगी थी। इस पर कमजोर परफार्मेंस वाली सीटों पर घंटों मंथन किया गया। इसके अलावा उन चुनावी मुद्दों पर भी चर्चा हुई जिससे सत्ता की राह आसान हो सके। शाह ने आरोप पत्र समिति और घोषणा पत्र समिति के कामों पर अब तक का ब्यौरा लिया।

राजनीति... भाजपा की डबल इंजन की सरकार मणिपुर की जनता को सुरक्षा देने में नाकाम है

## शैलजा की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक

रायपुर। प्रदेशकांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा की मौजूदगी में आज रविवार को राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक जारी है। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मणिपुर की घटना को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया।




इस पर सीएम भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के सभी नेताओं ने निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया।

कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार मणिपुर की जनता को सुरक्षा देने में नाकाम है। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, मंत्री मोहन मरकाम, कवासी लखमा समेत कांग्रेस के दिग्गज नेता, कार्यकर्ता शामिल हैं। बैठक में शमिल होने प्रदेश प्रभारी डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, सह प्रभारी विजय जांगिड भी रायपुर पहुंचे। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्य, मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग, संगठन के अध्यक्ष भी बैठक में शिरकत कर रहे हैं। बैठक में विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर पदाधिकारियों से फीडबैक ली जा रही है। इसके बाद चुनाव की रणनीति बनाई जाएगी।



## युवाओं से संवाद में सीएम बघेल ने दी कई सौगातें

**रायपुर।** आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी के इंडोर स्टेडियम में युवाओं से संवाद किया। युवाओं ने अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रखी। यहां प्रदेश के कोने-कोने से युवाओं की टोली पहुंची । पूरा स्टेडियम फुल हो गया। इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में भारी उत्साह दिखाई दिखा। युवाओं की मांगों को सुनकर मुख्यमंत्री ने कई बड़ी घोषणा की। छात्रा समृद्धि शुक्ला की मांग पर कहा स्वास्थ्य केंद्रों में फीजियोथेरेपिस्ट की नियमित



नियुक्ति होगी।

इंटर्नशिप कर रही छात्रा ने कहा हमारे कॉलेज में छात्रावास की व्यवस्था नहीं है मुख्यमंत्री ने छात्रावास की व्यवस्था करने के लिए सहमति दी।

एक छात्र ने शासकीय दांत चिकित्सा महाविद्यालय में इंटर्न की भर्ती को लेकर अनुरोध किया, कहा कि एमबीबीएस की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में 2 सेवा देने का मौका डेंटल स्टूडेंट को मिले। मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकृति देने की घोषणा की।

पीएससी की तैयारी कर रहे छात्र प्रणव कुमार ने प्रारंभिक परीक्षा की मार्कशीट जारी करने तथा पारदर्शिता के लिए उचित उपाय करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस पर अमल करने का आश्वासन दिया।

# अर्थ-शास्त्रः तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, टिकाऊ वृद्धि पर केंद्रित है केंद्रीय बैंकों का ध्यान

भारतीय रिजर्व बैंक का काम कीमतों की स्थिरता बनाए रखना है। लेकिन दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों की तरह इसने भी अपना ध्यान अर्थव्यवस्था की टिकाऊ वृद्धि दर पर केंद्रित कर लिया है। ऐसे में, रिजर्व बैंक द्वारा अर्थव्यवस्था के विकास के लिए योजना बनाना मददगार साबित होता है-यह वह काम है, जिस पर सरकारें प्रायः उदासीन रहती हैं, क्योंकि उनकी निगाहें सिर्फ राजनीतिक हित पर होती हैं। फिलहाल जितनी भी सूचनाएं उपलब्ध हैं, वे वैश्विक और भारतीय अर्थव्यवस्था की धीमी रफ्तार के बारे में बताती हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर रिजर्व बैंक के बुलेटिन में जो लेख (जुलाई, 2023) छपा है, उसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में बताते हुए यह रेखांकित किया गया है, वैश्विक विकास की रफ्तार, खासकर मैन्यूफैक्चरिंग और निवेश के मामले में, रुकती प्रतीत होती है। विश्व व्यापार में भी खासकर आपूर्ति शृंखला के मोर्चे पर आक्रामक औद्योगिक और व्यापार नीति के जरिये इसका अप्रत्यक्ष असर दिख रहा है। एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के घटक अलग-अलग रास्तों पर हैं।

बुलेटिन में भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति और उपलब्धियों के बारे में बताया गया है, जैसे = उन्नत ढांचागत विकास, डिजिटलीकरण, सौर ऊर्जा उत्पादन की बढ़ी क्षमता, सेवा क्षेत्र के उत्पादों का निर्यात, जनसांख्यिकी का लाभ, ऊर्जा से भरा इक्विटी बाजार आदि। इनमें से कुछ दावे सही हैं। बुलेटिन में आर्थिक गतिविधियों में क्रमिक आधुनिकीकरण, ऊंची बेरोजगारी दर, मनरेगा के तहत किए जाने वाले काम की थोड़ी बढ़ी मांग, मैन्यूफैक्चरिंग उत्पादों के निर्यात में कमी, राजस्व व्यय में कमी, कुल कर संग्रह में कमी, सीपीआई यानी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (और खाद्य मुद्रास्फीति) में वृद्धि, घरेलू और कॉरपोरेट बांड्स की प्राप्ति में मुश्किलें और मुद्रास्फीति के विरुद्ध न खत्म होने वाली मुहिम को रेखांकित किया गया है। सकारात्मक और नकारात्मक चीजें हमेशा ही होती हैं। अर्थव्यवस्था की मिली-जुली तस्वीर के बावजूद भारत ने वर्ष 2004 से 2009 तक पांच वर्षों के बीच 8.5 फीसदी की, और 2004 से 2014-यानी दस साल तक 7.5 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर हासिल की थी। इसके विपरीत, वर्ष 2014 से 2023 के बीच नौ



भारत ने वर्ष 2004 से 2009 तक पांच वर्षों के बीच 8.5 फीसदी की, और 2004 से 2014-यानी दस साल तक 7.5 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर हासिल की थी। इसके विपरीत, वर्ष 2014 से 2023 के बीच नौ साल में भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत ही रही।

साल में भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत ही रही। हमारी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर कम क्यों हो गई? दरअसल उदारीकरण के शुरुआती दिनों और बाजार केंद्रित नीतियों के दौरान वृद्धि दर को रफ्तार मिली। गैर पारंपरिक मौद्रिक नीतियों के, जिन्हें अमेरिका और यूरोप ने वैश्विक वित्तीय संकट और महामारी के असर को कम करने के लिए अपनाया था, लाभ भारत जैसे विकासशील देशों तक पहुंच गए। सामान्य दिनों में हालांकि ढांचागत कमियों और उपायों को दूर करने की तरफ ध्यान दिया जाता, ताकि उच्च वृद्धि दर प्राप्त की जा सके। मेरे विचार से, मौजूदा सरकार ने अर्थव्यवस्था की कुछ मूलभूत कमजोरियों की अनदेखी की है। इससे जुड़े चार कारण ये हैं =

## कम श्रम भागीदारी दर और उच्च बेरोजगारी

अपने यहां कामकाजी लोगों (15 वर्ष से अधिक) की आबादी कुल जनसंख्या का 61 फीसदी यानी 84 करोड़ आंकी गई है। वर्ष 2036 के बाद कामकाजी आबादी की यह संख्या कम होने वाली है। यानी बहुचर्चित जनसंख्या लाभांश की उम्र ज्यादा नहीं है। अपने यहां श्रम भागीदारी दर ( एलपीआर) का आंकड़ा भी डरावना है। पिछले महीने यह दर गिरकर 40 प्रतिशत से कम रह गई ( जबकि चीन में यह दर 67 फीसदी है)। महिला श्रम भागीदारी दर का आंकड़ा तो और भी दयनीय-मात्र 32.8 प्रतिशत है। शेष 60 फीसदी कामकाजी आबादी (पुरुष और स्त्री, दोनों) तथा 67.2 प्रतिशत महिलाएं काम क्यों नहीं करतीं या रोजगार की तलाश क्यों नहीं करतीं? अब 8.5 प्रतिशत की बेरोजगारी दर को एलपीआर से जोड़ें। (15 से 24 साल के युवाओं में बेरोजगारी दर 24 प्रतिशत है)।

इससे आपको पता चल जाएगा कि कितनी बड़ी संख्या में मानवीय संसाधनों का इस्तेमाल ही नहीं हो पा रहा है। अगर 60 फीसदी कामकाजी आबादी काम करने की अनिच्छुक है या उसे काम नहीं मिल रहा, तो बढ़ी जीवन प्रत्याशा और शिक्षा के प्रसार का कोई मतलब नहीं है। यानी भारतीय अर्थव्यवस्था चार में से दो पहियों पर ही दौड़ रही है।

## शिक्षा की गुणवत्ता

द एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (असर) देशव्यापारी पारिवारिक सर्वे है, जिसमें दूसरी चीजों के अलावा ग्रामीण भारत में बच्चों के सीखने की क्षमता का पता चलता है। असर, 2022 की रिपोर्ट में भी देश के तमाम ग्रामीण जिलों के ब्योरे हैं। इसमें पढ़ाई, गणित और अंग्रेजी सीखने के स्तर के बारे में निष्कर्ष यहां पेश हैं राज्यों के बीच अंतर बहुत हैं। अपने यहां स्कूलों में पढ़ाई की औसत उम्र सात-आठ साल है। अगर पढ़ाई और अंकगणित में बच्चों के सीखने का यही ढर्रा है, तो उन्हें वैसे रोजगार और वैसी जिम्मेदारियां भला कैसे दी जाएंगी, जिनके लिए उच्च स्तर के कौशल और तकनीकी ज्ञान की जरूरत पड़ती है?

पी. चिदंबरम

## संपादकीय

# जागो देश जागो

उस इको-सिस्टम को मणिपुर में किसने चलते रहने की इजाजत किसने दी है, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हुई हैं और उन पर अपेक्षित प्रशासनिक प्रतिक्रिया नजर नहीं आई है? अब हकीकत यह है कि पानी सिर के ऊपर से गुजर रहा है। वायरल हुए मणिपुर के वीडियो से यह सवाल उठा है कि क्या इस देश के कर्ता-धर्ताओं और नागरिक समाज में रत्ती भर भी शर्म बची है! दो महिलाओं को नंगा घुमाया गया, संभवतः उनसे सामूहिक बलात्कार किया गया, पुलिस ने इसकी शिकायत दर्ज की, इसके बावजूद ढाई महीने तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई, तो क्या यह सिर्फ संयोग है? या मणिपुर की सरकार और वहां कानून लागू करने के लिए जिम्मेदार एजेंसियों का इतना सांप्रदायीकरण हो गया है कि वे ऐसे भयानक- बर्बर कृत्य को भी सांप्रदायिक नजरिए से ही देखते हैं? मणिपुर में ढाई महीने से हिंसा जारी है और इस दौरान महिलाओं के साथ यौन हिंसा भी हुई है, ऐसी खबरें मीडिया में आती रही हैं। यह सोच कर विवेक भोथरा हो जाता है कि ऐसी खबरों के बावजूद देश के प्रधानमंत्री ने इस पर आज तक मणिपुर की स्थिति पर अपनी जुबान नहीं खोली है। ताजा वीडियो के बाद सरकार की तरफ से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का बयान जरूर आया है। लेकिन उससे भी इस बात का जवाब नहीं मिलता कि ऐसी घटनाओं के लिए जवाबदेह कौन है? उस इको-सिस्टम को वहां चलते रहने की इजाजत किसने दी है, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हुई हैं और उन पर अपेक्षित प्रशासनिक प्रतिक्रिया नजर नहीं आई है?

# आखिर क्यों देश की उम्मीदों पर कभी खरी नहीं उतर पाती नौकरशाही?

लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभों में से एक कार्यपालिका लगातार प्रश्नों के घेरों में रहती रही है, आजादी के अमृतकाल में भी कार्यपालिका के भ्रष्ट, लापरवाह एवं गैरजिम्मेदार होना नये भारत-सशक्त भारत की सबसे बड़ी बाधा है। नेताओं और नौकरशाहों के भ्रष्टाचार की आए दिन आने वाली खबरें यही बताती हैं कि केंद्रीय एजेंसियां डाल-डाल हैं तो भ्रष्टता का जाल पात-पात। विडम्बना तो यह है कि नेतृत्व करने वाली ताकतें भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। मद्रास हाईकोर्ट की हाल ही में की गयी टिप्पणी नौकरशाहों की उस प्रवृत्ति को उजागर करने वाली है जिसमें वे सत्ताधारी दलों का पिछलग्गू बनकर काम करते हैं। तमिलनाडु के पूर्व सीएम एके पलानीस्वामी के खिलाफ हाईवे निविदा के मामले में नए सिरे से जांच के सरकार के आदेश को रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान लागू होने के 73 साल



पदोन्नति, मलाईदार पदों पर नियुक्ति और अन्य तरीकों से दिया जाने वाला प्रलोभन प्रशासन तंत्र को सत्ता के पक्ष में करने के लिए काफी है, जबकि लोकतंत्र में लोकसेवकों से निष्पक्षता, ईमानदारी एवं कार्यदक्षता के आधार पर फैसले की उम्मीद की जाती है।

बाद कड़वी हकीकत यह है कि कार्यपालिका ने अपनी स्वतंत्रता लगभग खो दी है। इतना ही नहीं, वह सत्ताधारी राजनीतिक दल के आदेशों को क्रियान्वित करने वाला औजार बन गया है। सत्ता बदलाव के साथ ही कार्यपालिका की कार्यप्रणाली में बदलाव का यह उदाहरण अकेला नहीं है। कमोबेश सभी राज्यों में यह देखने में आता है कि सरकारी कार्यालयों में बदले की भावना से पूर्व सरकारों के कामकाज से जुड़े मामलों की जांच की फाइलें फिर से खंगालने का काम शुरु हो जाता है। न्यायपालिका की यह टिप्पणी जाहिर करती है कि सरकारें मौके-बेमौके अपने विरोधियों को सबक सिखाने के लिए जांच एजेंसियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं। नौकरशाही को यों तो विधायिका की आंख, नाक व कान की संज्ञा दी जाती है। लेकिन हकीकत यह है कि सत्ता में बैठे लोग कार्यपालिका से जो काम कराना चाहते हैं उसी फाइल पर पंख लगते हैं। भले ही वह काम जायज हो या नाजायज। ऐसे में कार्यपालिका से जुड़े ज्यादातर लोग सरकारों के राजनीतिक एजेंडे के अनुरूप काम करने लगते हैं।

राष्ट्र के संचालन, सुरक्षा, कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कार्यपालिका महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं जबकि नियमों की पालना व आम जनता को सुविधा देने में अफसरशाही ने लाल फीतों की बाधाएं बना रखी हैं। प्रशासकों की चादर इतनी मैली है कि लोगों ने उसका रंग ही काला मान लिया है। अगर कहीं कोई एक प्रतिशत ईमानदारी दिखती है तो आश्चर्य होता है कि यह कौन है? पर हल्दी की एक गांठ लेकर थोक व्यापार नहीं किया जा सकता है। नौकरशाह की सोच बन गई है कि सरकारी तनख्वाह तो केवल टेबल-कुर्सी पर बैठने के लिए मिलती है, काम के लिए तो और चाहिए। इसके लिये वे सत्ताधारी नेताओं एवं मंत्रियों के इशारों पर नाचते हैं। पदोन्नति, मलाईदार पदों पर नियुक्ति और अन्य तरीकों से दिया जाने वाला प्रलोभन प्रशासन तंत्र को सत्ता के पक्ष में करने के लिए काफी है, जबकि लोकतंत्र में लोकसेवकों से निष्पक्षता, ईमानदारी एवं कार्यदक्षता के आधार पर फैसले की उम्मीद की जाती है। नौकरशाह यदि सत्ताधारी दल के एजेंट के रूप में काम करते हुए दिखेंगे तो जाहिर है कार्यपालिका से जनता का भरोसा टूटेगा ही। ऐसे में कार्यपालिका के लिए अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखना जरूरी है। इसी कारण प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) के मौजूदा निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को सर्वोच्च न्यायालय ने अवैध ठहराया है क्योंकि उनको 3 बार जो सेवा विस्तार दिया गया, इस तरह लगातार सेवा विस्तार देने का उद्देश्य क्या था? जबकि संजय कुमार मिश्रा की भ्रष्टाचारमुक्त कार्यप्रणाली के बावजूद उन पर लगातार उंगलियां उठती रही हैं। क्योंकि उन्होंने जितने नोटिस भेजे, छापे डाले, गिरफ्तारियां कीं या संपत्तियां जब्त कीं, वे सब विपक्ष के नेताओं के खिलाफ थीं। इससे भी ज्यादा विवाद का विषय यह था कि विपक्ष के जिन नेताओं ने ई.डी. की ऐसी कार्रवाई से डर कर भाजपा का दामन थामा, उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई फौरन रोक दी गई। यह निहायत अनैतिक कृत्य था, जिसका विपक्षी नेताओं ने तो विरोध किया ही, देश-विदेश में भी गलत संदेश गया।

ललित गर्ग

## मिला जुला

### 40 फीट गहरे बोरवेल में फंसा बच्चा, सीसीटीवी से रखी जा रही नजर, रेस्क्यू जारी

**नालंदा।** बिहार के नालंदा के कुल गांव में 3 साल का बच्चा खेल के दौरान 40 फीट गड्ढे बोरवेल में गिर गया. इस मामले की सूचना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे. लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी से गड्ढा कर बच्चे को निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू हुआ. लोगों का कहना है कि बच्चा मां के पीछे-पीछे खेत की ओर जा रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और बोरवेल में गिर गया. बच्चा कुल गांव निवासी डोमन मांझी का 3 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार है।

# उत्तराखंड में भारी बारिश ने मचाई तबाही, बादल फटने से सड़कों और घरों को पहुंचा नुकसान

उत्तरकाशी। उत्तराखंड में भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। राज्य में कई जगहों पर भारी बारिश और बादल फटने से कई सड़कें, घरों और दुकानों को नुकसान पहुंचा। भारी बारिश के कारण से प्रदेश की कई हाईवे और सड़कें बंद हो गईं हैं। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में अब तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।



### राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाने का निर्देश


अधिकारियों के मुताबिक, उत्तरकाशी के जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने शनिवार तड़के जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है। इस दौरान जिला अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जाए और प्रभावित लोगों को वित्तीय सहायता वितरित की जाए।

### भूस्खलन के मलबे के कारण एक पर्यटक रिसॉर्ट क्षतिग्रस्त

इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों से भी बात कर संबंधित क्षेत्रों में बारिश से प्रभावित लोगों और इससे हुई क्षति के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने कहा कि बड़कोट तहसील के गंगनानी में भूस्खलन के मलबे के कारण एक पर्यटक रिसॉर्ट की कुछ कॉटेज क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। अधिकारियों ने बताया कि गंगनानी में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में भी मलबा घुस गया। हालांकि, सभी छात्रा सुरक्षित हैं।

## यूक्रेन ने क्रीमिया में रूस के गोला-बारूद डिपो पर किया ड्रोन हमला

विस्फोट से मची अफरा-तफरी



**मास्को।** यूक्रेन ने रूसी शहर पर ड्रोन हमला किया है। हमले में यूक्रेन ने रूस के गोला-बारूद डिपो को उड़ा दिया, जिस वजह से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इससे पहले रूस ने यूक्रेन के अलग-अलग इलाकों में पर गोलीबारी की थी। रूसी हमले में दो लोगों की मौत हो गई थी।

विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी ड्रोन ने क्रीमिया के ओकटियाब्रस्के शहर में रेलवे स्टेशन के पास एक ड्रोन हमला कर दिया। जिस वजह से पूरा आसमान काले धूएं से घिर गया। क्रीमिया प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने बताया कि शनिवार को एक ड्रोन ने गोला-बारूद भंडारण सुविधा पर हमला किया। हमले के कारण 5 किलोमीटर के दायरे से सभी को बाहर निकालने का आदेश देना पड़ा।

## 33 साल के पॉपुलर बॉडीबिल्डर जस्टिन विक्की की मौत

जिम में खतरनाक वर्कआउट के दौरान हुआ हादसा



**नई दिल्ली।** एक और पॉपुलर बॉडीबिल्डर का निधन हो गया है. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध बॉडीबिल्डर और फिटनेस इन्फ्लुएंसर जस्टिन विक्की की जिम में हुए एक्सीडेंट की वजह से मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि इंडोनेशिया के बाली में एक जिम में जस्टिन विक्की की स्क्वाट करने के दौरान मौत हो गई. जस्टिन के गर्दन पर 210 किलोग्राम का बारबेल गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी गर्दन टूट गई. जस्टिन के दिल और फेफड़ों से जुड़ी नसें दबने से थोड़ी देर बाद ही उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा 15 जुलाई को हुआ. जस्टिन विक्की अभी सिर्फ 33 साल के थे और वर्कआउट के दौरान 210 किलोग्राम वजन उठाने की कोशिश कर रहे थे.

## मणिपुर घटना के बाद डर की वजह से मिजोरम छोड़ रहा मैतेई समुदाय, सरकार ने की विमान भेजने की पेशकश

**आइजवाल।** बीते दिनों मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना का असर पड़ोसी राज्य मिजोरम पर भी पड़ा है। बता दें कि डर की वजह से मिजोरम में रह रहे मैतेई समुदाय ने पलायन शुरू कर दिया है। हालात को देखते हुए मणिपुर की सरकार ने भी लोगों को विमान से लाने की पेशकश की है।

### एक बयान से फैला डर

बता दें कि मिजोरम में रहने वाले मिजो लोगों के, मणिपुर के कुकी और जोमी जनजाति के लोगों के साथ गहरे जातीय संबंध हैं। मणिपुर में जिन महिलाओं के साथ ज्यादती की गई, वह कुकी और जोमी जनजाति की ही थीं। ऐसे में पूर्व उग्रवादी



संगठन मिजो नेशनल फ्रंट के सहयोगी संगठन पीस अकॉर्ड एमएनएफ रिटर्नीज एसोसिएशन (PAMRA) ने शुक्रवार को एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि मिजोरम में रह रहे मैतेई समुदाय के लोग अपनी सुरक्षा के लिए राज्य छोड़ दें। बयान में कहा गया कि मणिपुर की घटना से मिजो लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, ऐसे में मिजोरम, अब मैतेई लोगों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है।

### मिजोरम में रहते हैं दो हजार मैतेई लोग

मिजोरम में करीब दो हजार मैतेई समुदाय के लोग रहते हैं। ये अधिकतर राजधानी आइजवाल और इसके आसपास के इलाकों में रहते हैं। PAMRA के बयान के बाद मिजोरम में रहने वाले मैतई समुदाय में डर फैल गया और लोगों ने पलायन शुरू कर दिया। हालांकि मिजोरम की सरकार ने लोगों को विश्वास दिलाया है कि उन्हें मिजोरम में कोई खतरा नहीं है और मैतई बहुल कई जगहों पर पुलिस की तैनाती भी की गई है। हालांकि इसके बावजूद लोग मिजोरम से पलायन कर रहे हैं।

## बीआरएस नेता थौर्या नायक और बेटे अंकित की सड़क हादसे में मौत

टायर फटने से हुई दुर्घटना



**हैदराबाद।** तेलंगाना के नरसिंगी में शनिवार को नरसिंगी से चेगुंटा की यात्रा के दौरान एक सड़क दुर्घटना में बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) नेता थौर्या नायक और उनके बेटे की मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक ये हादसा नरसिंगी मंडल के वल्लुरु गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। पुलिस के मुताबिक थौर्या नायक (45) अपने बेटे अंकित (19) के साथ नरसिंगी गांव से चेगुंटा जा रहे थे. इस बीच उनकी कार का टायर फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर रॉन्ग साइड में चली गई. जहां सामने से आ रही एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी. जानकारी के मुताबिक बीआरएस नेता और उनके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई. शवों को रामायणपेट सरकारी अस्पताल ले जाया गया है. साथ ही संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. हादसे की जांच शुरु कर दी गई है. बीआरएस नेता थौर्या नायक नरसिंगी मंडल अध्यक्ष हर चुके थे. वे नरसिंगी मंडल की प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष और मंडल के नरसमपल्ली गांव के पूर्व एमपीटीसी भी थे।

## टमाटर से भरे ट्रक को हाईजैक करने वाले दंपत्ति गिरफ्तार, ट्रक में लोड था ढाई टन माल



**कर्नाटक।** टमाटर से भरा ट्रक हाईजैक करने के चर्चित मामले में एक दंपत्ति को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया गया है. ट्रक में ढाई टन टमाटर लोड था. जिसकी कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई जा रही है. एक दंपति को बेंगलुरु में 2.5 टन टमाटर से लदे ट्रक को हाइजैक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के मुताबिक वेल्लोर निवासी दंपति राजमार्गों पर लूटपाट करने वाले एक गिरोह के सदस्य हैं. दंपत्ति ने 8 जुलाई को चित्रदुर्ग जिले के चिक्काजाला में हिरियुर के एक किसान मल्लेश को रोका. इसके बाद दंपत्ति ने ये दावा करते हुए उससे पैसे ऐंठने की कोशिश की, कि उसके ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मारी है. जब मल्लेश ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो दंपति ने उससे मारपीट की. उसे ट्रक से बाहर निकाल दिया और करीब तीन लाख रुपये से ज्यादा कीमत के 2.5 टन टमाटर से लदे ट्रक को लेकर फरार हो गए।

# बच्चों में कृमि सामान्य बीमारी नहीं, कई गंभीर रोगों का कारण भी

* कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बच्चों के शरीर से कृमि मुक्त करने के लिए बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़- बिलाईगढ़।

**कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले को कृमि मुक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त रूप से अंतर्विभागीय टास्क फ र्स की बैठक ली।**



**10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस**

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, स्वास्थ्य कर्मियों, बिहान के समूहों, पंचायत कर्मियों और अन्य सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों में 1 वर्ष से लेकर 19 वर्षीय तक बालक-बालिकाओं को शत् प्रतिशत कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाने के लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग को कहा। साथ ही साथ कलेक्टर ने कहा कि दवा सेवन के दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे जिले में अपनी स्वास्थ्य सुविधा की सुदृढ़ व्यवस्था रखें।

कलेक्टर सिद्दीकी ने 10 अगस्त को होने वाली राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारी हेतु बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी को शासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत एवं गैर पंजीकृत, शाला त्यागी 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आईटीआई व कॉलेज प्रथम वर्ष के बच्चों की सूची लेकर कार्य योजना तैयार कर समयावधि पर स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में लॉजिस्टिक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड में रैपिड रेस्पॉन्स टीम गठन कर सेक्टर स्तर पर क्वालिटी ट्रेनिंग आयोजित करने के निर्देश दिये साथ ही स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस पर्यवेक्षकों द्वारा प्रत्येक बूथ की निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि अभियान के दौरान शत-प्रतिशत बच्चो को कृमि नाशक गोली खिलाकर कृमि संक्रमण से मुक्ति दिलाई जा सके।

## दवा खिलाने के पूर्व सावधानियां

दवा खिलाने के पूर्व दवा की एक्सपायरी डेट की जांच की जाए और बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। यदि पूर्व से किसी बीमारी के इलाज के लिए कोई दवा खा रहे हो, तो उन्हें कृमिनाशक दवा नहीं खिलाई जाए। किसी भी बच्चे को जबरदस्ती दवा नहीं खिलाई जाए।

## दवा सेवन

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ .आर. निराला ने बताया कि 10 अगस्त को 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 200 मिलीग्राम या आधी गोली, 2 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 400 मिलीग्राम या 1 गोली, खाने के बाद सुपरवाइज डोज अर्थात दवा वितरक 1 से 3 वर्ष के बच्चों को पीसकर तथा 3 से 19 वर्ष के बच्चों को चबा कर अपने समक्ष ही खिलाई जावे तथा जो बच्चे 10 अगस्त को दवा लेने से वंचित हो जाए उन्हें मापअप राउंड के तहत 17 अगस्त को अनिवार्य रूप से दवा सेवन कराई जावे। ड्यूटी में तैनात कर्मी दवा का सेवन अपने सामने खिलाएं। किसी भी परिस्थिति में दवा बच्चों या उनके पालकों को घर ले जाने के लिए नहीं दी जाए। दवा को बच्चों को पूरा चाबकर खाना है। किसी बच्चे के गले में अटक जाए तो बच्चों को अपनी गोद में छाती के बल लिटाकर पीठ में हल्के से थपथपाएं जिससे गले में फंसी गोली नीचे गिर जाए।

## दवा खिलाने के बाद

जिन बच्चों के शरीर में कृमि होंगेए उनके दवा खाने के बाद सामान्य प्रतिकूल प्रभाव जैसे पेट में हल्का दर्द, उल्टी, दस्त, थकान हो सकती है। ऐसे में उन्हें हवादार स्थान में आराम करने की व्यवस्था की जाए और पानी पिलाई जाए। ड्यूटी में तैनात कर्मी ऐसी स्थिति में अपने कन्ट्रोलिंग अधिकारी और नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र को सूचित करें। इसकी सूचना टोल फ्री नंबर 18001803024 पर भी दी जा सकती है।

*कृमि सामान्य बीमारी नहीं, कई गंभीर रोगों का कारण भी है। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी बरमकेला डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने कृमि संक्रमण के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही संक्रमण पेट मे पहुँचता है लोगों को दस्त होता है, जब कृमि विकसित होकर रक्त में पहुँचता है तो रक्त कोशिकाओं का शिकार करता है जिससे रक्ताल्पता होती है। आगे जब संक्रमण फेफड़ा में पहुँचता है, तब निमोनिया और मष्तिस्क में पहुंचकर झटके आदि बीमारी के कारण बनते है। बैठक में जिले के सभी बीएमओ, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, डीईओ डेजी रानी जांगड़े, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, बी.एक्का, सीएमओ राजेश पांडेय, आयुर्वेद डॉ. पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी कृष्णा साहू, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डीपीएम एन एल इजारदार, डॉ. सेन, डॉ. रात्रे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।*

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल द्वारा शिकायतकर्ता के ऊपर शिकायत वापस लेने के लिए बनाया जा रहा दबाव

कसडोल बीएमओ डॉ अंजन सिंह चौहान द्वारा प्रशासनिक पद का किया जा रहा दुरुपयोग

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार।





मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल का जिसमे डॉ अंजन सिंह चौहान बीएमओ एवं उनके कुछ स्टॉफ द्वारा ज़ब से बीएमओ पद पर नियुक्ति हुआ है तब से 10 हज़ार रुपए सिजेरियन ऑपरेशन (प्रसव) का खेल चलते आ रहा है और यह बात कसडोल क्षेत्र के आसपास इस प्रकार से व्याप्त है जिसे कोई भी नकार नहीं सकता है बीते दिनों मे शिकायतपत्र के खबर प्रकाशन हुआ था उसके बाद मामला इतना तूल पकड़ लिया कि शिकायतकर्ता के ऊपर दबाव बनाने तक की नौबत आ रहा है शिकायतकर्ता के घर में बीएमओ एवं मामले में संलिप्त कर्मचारी और उनके परिजन के द्वारा लगातार आवेदन को वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है कभी दो गाड़ीया आती है तो कभी बीएमओ द्वारा दौरे का बहाना बनाते हुए शिकायतकर्ता के घर जाकर आवेदन वापस लेने के लिए मिन्नतें करते हैं तो कभी भविष्य में कसडोल सामुदायिक केंद्र में ऑपरेशन जैसी सुविधा नहीं होने जैसे धमकी पूर्वक डराते हुए तथा इन सब की जिम्मेदारी तुम्हारे ऊपर होगी इन व्यथा पूर्वक वाक्यों का प्रयोग करते हुए आवेदन को वापस लेने के लिए मजबूर किया जाना यह प्रशासनिक पद का दुरुपयोग किया जाना स्पष्ट रूप से प्रतीत होता नजर आ रहा है

क्या जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस प्रकार के कृत्य में सम्मिलित पाय जाना लोक प्रशासन के गुणों को दर्शाता है? आइए मामले को विस्तार पूर्वक जानते है शिकायत पत्र के प्रत्युत्तर में कलेक्टर द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये जाने के बाद उस निर्देश के प्रभाव से कसडोल सामुदायिक केंद्र में बड़ा बवाल मच गया डॉ अंजन सिंह चौहान, स्टाफ नर्स कल्याणी वर्मा एवं अन्य घसियाराम चौहान सहायक ग्रेड-3 एवं अन्य स्टाफ के द्वारा लगातार दो दिनो से शिकायतकर्ता के घर जाकर दबाव बनाया जा रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से इस बात की जानकारी मुझे मिलने पर हमारे संवाददाता द्वारा दिनांक 22/07/2023 को शाम 4-5 बजे को शिकायत करता के निवास ग्राम कोट पहुचे तो डॉ अंजन सिंह चौहान, कल्याणी वर्मा एवं घसियाराम चौहान के द्वारा शिकायतकर्ता को बार बार दबाव बना रहे थे जिसमे हमने डॉ अंजन सिंह चौहान से विषय में जानकारी चाही गयी जिसमे आपका शिकायतकर्ता के घर क्यू आना हुआ तो उनके द्वारा कहा गया कि कार्यालय आईये आपका जवाब दिया जायेगा किन्तु संवाददाता द्वारा उपस्थित लोगो के बीच फिर से बोले जाने पर उन्होंने जवाब दिया जिसमे उन्होंने कहा है ऐसे कोई बात नहीं

जबकि जिला जांच दल के सम्बन्ध में सीएचएमओ ने जानकारी दिया गया था कि पलारी बीएमओ एवं सिमगा बीएमओ को नियुक्ति किया गया है करके तो कोई दूसरा अधिकारी दल कैसे जांच कर सकता है ऐसे व्यक्ति जांच दल में है जो स्वयं आरोपों के घेरे में है

क्या जिला प्रशासन इस प्रकार से जांच दल गठित कर सकता है यह बड़ा प्रश्नचिन्ह निर्मित हो रहा है

अंजन सिंह एवं स्टॉफ द्वारा स्व गठित जांच दल बनाकर दबाव बनाया जाना कहा तक सही है

और क्या पत्रकारों के बीच चर्चा के दौरान टाल मटोल जवाब देकर भ्रमित किया जाना सही है

ये सभी बिंदु मामले को गंभीरता से लेने के लिये जिला प्रशासन को इंगित कर रहा है

ऐसा प्रतीत होता नजर आ रहा है साथ ही साथ शिकायत कर्ता यह भी अवगत कराना चाहा 21एवं 22जुलाई को शिकायतकर्ता के घर में

डॉ अंजन सिंह चौहान बीएमओ कसडोल,कल्याणी वर्मा स्टाफ नर्स,कल्याणी वर्मा स्टाफ नर्स के पिता हरिकिशन वर्मा जो कि बलौदाबाजार विकासखंड के सकरी पंचायत में सचिव के पद पर कार्यरत है,घसियाराम चौहान सहायक ग्रेड -3, मूल पदस्थापना उप स्वास्थ्य केन्द गिरौदपुरी हैं किन्तु संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं सीएमएचओ बलौदाबाजार के आदेश का उलंघन करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल में कार्य कर रहा हैं सरपंच पति ग्राम कोट - जो की पीड़ित को दबाव बनाने, शिकायत आवेदन को वापस लेने में डाक्टर चौहान की मदद कर रहा हैं। और एक नर्सिंग स्टाफ जिनका नाम नहीं पता और एक ऊंचे कद का व्यक्ति था दबाव बनाया जाना कहना सत्य है

शिकायत कर्ता द्वारा कलेक्टर महोदय से माँग किया गया कि जांच के उपरांत ज़ब इस मुद्दे पर निर्णय लिया जाय तो इन सभी पहलु एवं सभी पक्षो का ध्यान में रखते हुए निर्णय एवं पारदर्शिता पूर्ण हो यह मुझे शत प्रतिशत जिला कलेक्टर एवं जिला प्रशासन पर भरोसा है

शिकायत कर्ता ने यह भी कहा कि डॉ अंजन सिंह और इस मामले से सम्बंधित कर्मचारियों अपने आप को सही साबित करने के हर एक हथकंडे अपना रहे है

मणिपुर घटना का विरोध

# एनएसयूआई ने फूंका पुतला

**चारामा।** चारामा -पिछले ढाई-तीन महीनों से हिंसा की आग में झुलस रहे मणिपुर में दो रहा है, जिसने हर किसी को झकझोर दिया है. इस वीडियो में एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें घुमाते हुए दिख रहे हैं और उनके साथ दरिंदगी कर रहे हैं इस घटना को लेकर पूरे देश में उबाल है जिसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा की केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है. कांग्रेस का कहना है कि हिंसक घटनाओं को रोकने में भाजपा की केंद्र सरकार पूरी तरह विफल रही है इसे रोकने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं कीए गए है. इस घटना से पूरा देश शर्मसार है जिसे को लेकर युवा कांग्रेस और एन एस यू आई के सदस्यों द्वारा चारामा नगर के बस स्टेंड के पास प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मणिपुर के मुख्य मंत्री का पुतला दहन कर जम कर नारे बाजी की गई। एन एस यू आई के प्रदेश महासचिव महेन्द्र नायक ने कहा की मणिपुर मे हुए घटना बहुत हि निंदनीय है वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारे लगाते है, वही दूसरी ओर मणिपुर के घटना के आरोपियों पर कोई ठोस कार्यवाही नही किया जाता हैं। देश के प्रधानमंत्री पूरे देश में घूम घूम कर विदेशों में डंका बज रहा है ऐसा प्रमाणित करने का प्रयास करते हैं लेकिन खुद के देश में वह शांति स्थापित नहीं कर पा रहे हैं, खुद के देश में उनका डंका नहीं बज पा रहा है। प्रधानमंत्री ने मणिपुर वासियों को अपने जिम्मेवारी पर छोड़ दिया।इससे यही साफ होता है की भारतीय जनता पार्टी की सरकार सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ की सरकार हैं। जिसमें प्रमुख रूप से महेंद्र नायक प्रदेश महासचिव एनएसयूआई छत्तीसगढ़, सुधांशु पाण्डेय सदस्य एनएसयूआई ,रानू कमलेश सेन पार्षद, अमृत लाल देवांगन एल्डरमैन ,सत्यजीत यादव एल्डरमैन,अर्जुन देवांगन विधानसभा महासचिव युवा कांग्रेस, टक्कू साहू विधानसभा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, देव तिवारी, सुरेंद्र साधवानी, रवि मांगतानी, कैलाश कठोलिया, संकर रावलनी, नवीन मंडावी भूपेंद्र भुआर्या,यश साहू,पंकज यादव,प्रदीप सेन, तेजेंद्र साहू रामकृष्ण प्रजापति,भूपेंद्र देवांगन एवं समस्त एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित।



## घरेलू विवाद को लेकर महिला से मारपीट

**रायपुर ।** घरेलू विवाद को लेकर पति व सास ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अंजना दास 27 वर्ष गुरूमुख सिंह नगर राजेन्द्र नगर की रहने वाली है।

# ग्रामीण गरीबी और असमानता की चुनौतियों पर आयोजित हुआ इंडिया रूरल कॉनक्लेव, विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर और ट्रांसफ़ॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन ने इंडिया रूरल संगोष्ठी का आयोजन किया. जिसमें ग्रामीण गरीबी और असमानता की चुनौतियों पर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी, उद्यमी, समाजसेवी, विशेषज्ञ और सामाजिक संस्थाओं ने चर्चा की। अब तक ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर रोशनी डालते हुए और किस तरह से समाज इसमें योगदान दे सकता है इसपर चर्चा की गई.





साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी समस्याएं और विकास में आ रही अड़चनों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. बता दें कि छत्तीसगढ़ में सतत विकास से पुनर्जीवित विकास तक का सफर तय करने के लिए इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में ग्रामीण विकास एवं पंचायत सचिव आर प्रसन्ना भी पहुंचे. उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण विकास से कैसे सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और उसमें कैसे लोगों को फायदा पहुंचाया जा सकता है इसपर चर्चा की जा रही है. संगोष्ठी में शामिल होने मनरेगा कमिश्नर रजत बंसल सहित अन्य समाजसेवी और उद्यमी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कोलोक्वि में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं की सफलता पर आधारित बुकलेट और रायगढ़ मिलेट्स कैफे द्वारा तैयार मिलेट्स रेसिपी बुक का विमोचन भी किया गया।

# केन्द्र सरकार ने पद्म अवार्ड के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किया

## सामान्य प्रशासन विभाग ने कलेक्टर से अनुशंसा के बाद 30 अगस्त तक मंगाया नामांकन

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़- बिलाईगढ़।

**भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने भारत के सर्वोच्च पद्म पुरस्कार, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, वर्ष 2024 के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किया है। पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप योग्य-पात्र व्यक्तियों का नामांकन प्रस्ताव जिला कलेक्टर के अनुशंसा के बाद सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय को भेजी जाएगी।**

इसलिए योग्य व्यक्ति या संस्था जिसने उत्कृष्ट कार्य किया है, वे अपने नामांकन करने के बाद जिला कलेक्टर को अनुशंसा के लिए भेजें। जिला कलेक्टर से इन नामांकन पत्रों को सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर ने 30 अगस्त 2023 तक मंगाया है। सभी जिले के कोई भी योग्य व्यक्ति या संस्था नामांकन के बाद निर्धारित समय अवधि में कलेक्टर से नामांकन की प्रति में अनुशंसा करा सकते हैं। गृह मंत्रालय से जारी पत्र के अनुसार पद्म पुरस्कार अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों-विषयों जैसे कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों-सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। कोई भी व्यक्ति, किसी जाति, व्यवसाय, हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना, इन पुरस्कारों के लिए पात्र है। इन पुरस्कारों के लिए सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के साथ-साथ अनेक अन्य स्त्रोतों से भी नामांकन आमंत्रित करने की परंपरा है ताकि इन पर व्यापक विचार-विमर्श किया जा सके। पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन-सिफ ारिशें केवल ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर स्वीकार की जाएगी, जिसे इसी उद्देश्य के लिए डिज़ाइन किया गया है। नामांकन-सिफ ारिश में अनुशंसित व्यक्ति की उससे संबन्धित क्षेत्र-विषय में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए विवरणात्मक रूप में प्रशस्ति पत्र, अधिकतम 800 शब्द सहित उपर्युक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में उल्लिखित सभी प्रासंगिक जानकारी दी जानी चाहिए। किसी व्यक्ति की ऑनलाइन सिफ ारिश करते समय यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी आवश्यक विवरण ठीक से भरे गए है। ऑनलाइन सिफ ारिश करने की क्रमवार प्रक्रिया पोर्टल अवार्डस डॉट जीओव्ही डॉट इन पर बताई गई है। इन पुरस्कारो से संबंधित विधान और नियमावली वेबसाइट पद्म अवार्डस डॉट जीओव्ही डॉट इन पर भी उपलब्ध है। कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा गया है कि अतीत में देखा गया है कि बड़ी संख्या में व्यक्तियों के संबंध में नामांकन प्राप्त होते हैंए लेकिन असाधारण योगदान के बावजूद कई प्रतिभाशाली व्यक्तियों के नाम पर विचार नहीं किया जाता है।

ज्यादातर ऐसे लोगों की मुख्य रूप से इस कारण से अनदेखे रहने की संभावना रहती है कि उन्हें अपने सार्वजनिक जीवन में प्रचार या प्रमुखता की आकांक्षा नहीं रहती है। इसलिए ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने के पूरे प्रयास किए जाए जिनका उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियों सम्मान योग्य हैं और उनका उपयुक्त नामांकन किया जाए। यह उल्लेख करना आवश्यक है कि ऐसे योग्य व्यक्तियों के सम्मान से इन पुरस्कारों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोड़कर, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में काम करने वाले व्यक्तियों सहित सरकारी सेवक पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। मरणोपरांत मामले में पुरस्कार मरणोपरांत प्रदान नहीं किया जाता है। हालांकि, अत्यधिक योग्य और दुर्लभ मामलों में, सरकार मरणोपरांत पुरस्कार देने पर विचार कर सकती है।

## पद्म पुरस्कार के लिए क्षेत्र

कला- संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, फ ोटोग्राफ ी, सिनेमा, रंगमंच आदि शामिल हैं।

सामाजिक कार्य- चैरिटेबल सस्ती स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक और धर्मार्थ सेवाएं, पर्यावरण, स्वच्छता आदि जैसी सामुदायिक परियोजनाओं में योगदान शामिल हैं।

सार्वजनिक मामले- इसमें कानून, सार्वजनिक जीवन, राजनीति आदि।

विज्ञान और इंजीनियरिंग- इसमें अंतरिक्ष इंजीनियरिंग, परमाणु विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान और इसके सम्बन्धी विषयों में अनुसंधान और विकास आदि शामिल हैं।

व्यापार और उद्योग- बैंकिंग, आर्थिक गतिविधियों, प्रबंधन, व्यापार और व्यवसाय के क्षेत्र में विनिर्माण, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, वस्त्र, लेखा, वित्त, पर्यटन आदि के क्षेत्रों में शामिल हैं।

चिकित्सा- एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, सिद्ध, प्राकृतिक चिकित्सा, आदि में चिकित्सा अनुसंधान और विशिष्टता विशेषज्ञता शामिल है।

साहित्य और शिक्षा- साक्षरता और शिक्षा को बढ़ावा देना, शिक्षा सुधार, शिक्षण, पत्रकारिता, साहित्य और कविता लेखक आदि शामिल हैं।

सिविल सेवा- सरकारी सेवकों द्वारा प्रशासन आदि में विशिष्टता उत्कृष्टता शामिल है।

खेल- इसमें खेलकूद, एथलेटिक्स, पर्वतारोहण खेलों को बढ़ावा देना आदि शामिल हैं।

अन्य- इसमें अध्यात्म, योग, वन्य जीवन सुरक्षा और संरक्षण, पाक कला, कृषि, बुनियादी नवाचार, पुरातत्व, वास्तुकला आदि शामिल हो सकते हैं।

### बिसाहू दास महंत जी गांधीवादी सच्चे जनसेवक थे- राकेश महंत

# 45 वे पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि सभा, फल वितरण तथा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-शक्ति।

समाचार जननायक स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी के 45 वे पुण्यतिथि के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति अधिवक्ता राकेश महंत के संयोजकत्व में कचहरी परिसर शक्ति में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ अधिवक्ता संघ शक्ति के अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद चौबे एवं अधिवक्ता राकेश महंत ने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ता चौबे ने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत को महान व्यक्तित्व के धनी बताया। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर अपने स्वास्थ्य परीक्षण कराया एवं आवश्यकता अनुसार दवा प्राप्त किया। इससे पूर्व सुबह 9 बजे मातृ शिशु अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति में श्रद्धांजलि सभा एवं मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां अधिवक्ता राकेश महंत एवं सीएमएचओ सूरज सिंह राठौर तथा बीएमओ एन के सिदार ने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित




कांग्रेसजनों नागरिकों, ग्रामीणों एवं अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का पुण्य स्मरण किया गया तथा उपस्थित जनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता राकेश महंत ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए स्वर्गीय बिसाहू दास महंत को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के स्वप्न दृष्टा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद, सच्चे गांधीवादी जनसेवक, गरीबों के मसीहा, हसदेव बांगो बांध परियोजना के पैरोकार, निस्वार्थ भाव से जनसेवा के काम करने वाले सच्चा नेता बताया। कार्यक्रम में सीएमएचओ शक्ति सूरज सिंह राठौड़ ब्लॉक मेडिकल ऑफि सर शक्ति नंदकिशोर सिदार जिला अधिवक्ता संघ शक्ति के अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद चौबे अधिवक्ता संघ शक्ति के पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह बनाकर प्रदेश महिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अलका जयसवाल अधिवक्ता संघ शक्ति के कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल अधिवक्तागण रथ राम पटेल दादू चंद्रा प्रमोद पांडे संतोष अग्रवाल धर्मेंद्र सोन, रामजी थवाईत, मनोज अग्रवाल, सुरित राम चंद्रा, डॉक्टर टीकाराम कुर्रे, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला शक्ति, युवा नेता दिनेश बरेठ, निर्मल जयसवाल, बिसाहू बरेठ, भगत रामसाहू, रमेश बरेठ, गोविंद केवट, विक्रम यादव, राधेश्याम साहू, भगवान दास महंत, गेंद राम खूंटे, अमृत अंचल, गुड्डू श्रीवास, रामगोपाल थवाईत, घासियादास महंत,

फिरत राम बरेठ, अर्जुन यादव, पूर्णिमा पटेल जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस सेवा दल जिला जांजगीर चांपा, राम नारायण पटेल, डॉक्टर जी बी सिंह चिकित्सा अधिकारी शक्ति, डॉक्टर संतोष सोनी, स्टाफ नर्स नीलिमा चंद्रा, एमएलटी हितेश्वर सिदार, छोटू दास महंत प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल छत्तीसगढ़ रामू जायसवाल धनेश्वर जयसवाल सहित अन्य पत्रकार गण नागरिक गण ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उन्नयन व विकास के लिए दल्लीराजहरा स्टेशन हुआ चिन्हित

# देश के 1309 रेलवे स्टेशनों में बालोद, दल्लीराजहरा एवं भानुप्रतापपुर भी चिन्हित

**दल्लीराजहरा**-राज्यसभा में एक प्रश्न के दौरान रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में जानकारी दी, जिसके अनुसार मॉडल स्टेशन योजना 1999 से 2008 तक प्रचलन में थी । इस योजना के तहत भारतीय रेलवे पर 594 स्टेशनों को उन्नयन के लिए चुना गया था । हाल ही में, भारतीय रेलवे पर रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत




स्टेशन योजना शुरू की गई है । यह योजना दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना करती है । इसमें स्टेशन पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है । ऐसे प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 'एक स्टेशन एक उत्पाद', बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, भूनिर्माण आदि जैसी योजनाएं शामिल है ।

# घोड़ाकरैत सर्प के काटने से 27 वर्षीय महिला की मौत, परिजनों में पसरा मातम

**अभनपुर।** राजधानी से लगे अभनपुर से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां ग्राम भरेंगाभाटा में सर्प के काटने से 27 वर्षीय महिला की मौत हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 3.00 बजे 112 की टीम को सूचना मिली थी कि भरेंगाभाटा में 27 वर्षीय महिला को घोड़ाकरैत साप ने काट लिया है। 112 की टीम ने उसे



असपताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ चुकी थी। मृतिका का नाम तुलेश्वरी पटेल है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



# किसान हितैषी सरकार के राज में किसान से ठगी करने वाले को बनाया अंत व्यवसाय वित्त निगम के सदस्य

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ में किसान के साथ ठगी करने वाले आखिर कैसे चैन का निंद ले रहा क्योंकि अंत व्यवसाय वृत्त निगम का सदस्य बना दिया गया जो बेखौफ होकर लोगों को अपनी छत्तीसगढ़ में हमारी अपनी सरकार बैठा हुआ है। जो चाहे कर सकते हैं कह नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरी निवासी रामलाल साहू को किसान जमीन विवाद पर नामांतरण करवा देने के नाम पर विजय बघेल ने किस्तों के रूप में 4 लाख रूपए लेकर के भी काम नहीं करवा पाए। किसान को नामांतरण करवा देने किसान को झूठी आश्वासन देते हुए ठगी करने का आरोप रामलाल साहू ने दिनांक 7/01/ 2022 थाना बेमेतरा में विजय बघेल अंत व्यवसाय वित्त निगम के डायरेक्टर के विरुद्ध में अपराध पंजीबद्ध करवाया जिनका अपराध क्रमांक 07/2022 के अपराध कायम होने के बावजूद भी आरोपी की



गिरफ्तारी करने के बजाय शासन प्रशासन चुप्पी साधे बैठा हुआ है।

### *शिकायत होने के बावजूद प्रार्थी के साथ अन्याय आखिर कब तक

प्रार्थी रामलाल ने बताया कि अपराध पंजीबद्ध करवाने के बाद से लगातार किसान को धमकी देने की बात प्रार्थी रामलाल ने मीडिया के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए अपनी आपबीती बताई।रामलाल ने बताया कि पुलिस प्रशासन जब कोई आम नागरिक बिना हेलमेट के वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो तत्काल चालान की कार्यवाही कर देते हैं गांव में छठ्ठी जैसे कार्यक्रम के लिए एक बोतल लेकर शराब दुकान से बाहर देखते ही गिरफ्तार कर पुलिस प्रशासन आबकारी का मामला पंजीबद्ध कर देते हैं किंतु मेरे साथ हुए ठगी का पुलिस जांच उपरांत ही अपराध पंजीबद्ध किया था किन्तु अब गिरफ्तारी करने पुलिस की पेंट गीली क्यों पड़ रही है। यह अन्याय आखिर कब तक? क्या? दोषियों को शासन-प्रशासन बचाना चाहता है आखिर कब तक धोखे में रखकर पार्थी को गुमराह क्या कर रही बेमेतरा पुलिस ।

### *ठग को बचाने का ठेका ले रखा बेमेतरा पुलिस वहीं माननीय उच्च न्यायालय ने दिया निर्देश...*

अपराध पंजीबद्ध के बाद ऐसा क्या जांच कर रही है जो 7 जनवरी 2022 से लगातार चल रहा है। किंतु ठगी विजय बघेल को पुलिस बचाने का ठेका ले रखा है। गौरतलब हो कि यह वही विजय बघेल है जो नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रबल दावेदारी के रूप में विधायक बनने का सपना देख रहे हैं। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक छोटे से गांव खपरी के रहने वाले जिनका पिछला जीवन एक सामान्य व्यक्ति से उठकर छत्तीसगढ़ के किसान हितैषी सरकार कही जाने वाली कांग्रेस सरकार की अंत व्यवसायी वित्त निगम के डायरेक्टर के पद तक क्या? मजदूर,किसानों के साथ ठगी कर नवागढ़ विधानसभा चुनाव 2024 के चुनाव में विधायक प्रत्याशी बनने तक का सफर तय करने क्या पुलिस प्रशासन का भी सह तो नहीं मिल रहा ठग को यह एक बड़ा सवाल उठ रहा है। वहीं माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने पार्थी पक्ष के विद्वान वकिल द्वारा न्यायालय में पेश कि गई विडियो को जांच करने निर्देश का फरमान जारी कर दिया

### *किसान राज्यपाल से गुहार की तस्वीर इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल*

आखिरकार किसान को राज्य सरकार, गृहमंत्री सहित जिले के पुलिस अधीक्षक से उचित न्याय नहीं दिलवा पाने की वजह से किसान राज्यपाल के दरबार में हाजिरी लगा दी इस दौरान सोशल मीडिया पर पोस्ट कर किसान की उस तस्वीर को लोग अधिक वायरल कर रहे हैं जो राज्यपाल भवन के सामने किसान अपनी लिखित नामजद थाने में अपराध दर्ज करवाने के बावजूद ठगी करने वाले की गिरफ्तारी करवाने पहुंचे किसान की तस्वीर को लोग सोशल मीडिया पर अपलोड कर किसान के पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं। बहरहाल इतना ही आपका सोच क्या किसान के साथ हुई ठगी करने वाले को क्या पुलिस प्रशासन बचा रही है या फिर प्रशासन सवाल तो बनता क्योंकि किसान हितैषी सरकार कहे जाने वाले की राज्य में किसान के साथ ठगी और आरोपी अंत व्यवसायी वित्त निगम के डायरेक्टर आखिर कब तक न्याय के लिए प्रार्थी को भटकना पड़ेगा।

वहीं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी इस विषय पर हो रही जांच के विषय पर मिडिया के समक्ष बात कोई भी रखने को तैयार नहीं है । क्या राम लाल साहू को न्याय मिल पायेगा या सिर्फ जांच के नाम पर अभियुक्त को बचाने की नियत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है इस मामले पर हमारे संवाददाताओ को राम लाल ने बतलाया की सूचना के अधिकार के तहत जांच की प्रमाणित दस्तावेज की मांग की गई थी जहां राम लाल को चाही गई जानकारी संतुष्ट प्रद नहीं मिल पाया। किन्तु छत्तीसगढ़ सरकार व बेमेतरा पुलिस पर अब तक रामलाल आश और उम्मीद लगाए बैठा हुआ है। की एक दिन मुझे अवश्य न्याय मिलेगा कहा नम आंखों से उनके बातें अब राज्य सरकार को जरूर किसान का दर्द को समझना चाहिए।

# तेज बदबू आई तब चला पता,प्लास्टिक की दो बोरियों में मिली युवक की लाश

शरीर के कई टुकड़े किए गए

**जशपुर।** जशपुर- प्लास्टिक की दो बोरियों में युवक की लाश मिली है। पुलिस ने शुरूआती जांच में हत्या की आशंका जताई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि लाश लगभग एक महीने पहले गुम युवक की हो सकती है। मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झारगांव बरटोली का रहने वाला रामचंद्र नगेशिया पिछले एक महीने से लापता है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सन्ना थाना क्षेत्र के सोनक्यारी चौकी में एक महीने पहले दर्ज कराई गई थी। इधर शनिवार शाम छुरी जलप्रपात में सड़ी-गली हालत में दो बोरों में बंद टुकड़ों में एक युवक की लाश मिली है। कुछ ग्रामीण वॉटरफॉल के पास घूमने गए थे, तो उन्हें किसी चीज तेज बदबू आई, जिसके बाद उन्होंने वहां पड़ी 2 बोरियों को



खींचा। इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बोरियों को खुलवाया, तो उसमें युवक की लाश के टुकड़े मिले। लाश पूरी तरह से सड़ चुकी है, इसलिए उसकी पहचान करनी मुश्किल हो रही है। हालांकि पुलिस ने अनुमान लगाया है कि ये लाश एक महीने पहले लापता हुए रामचंद्र नगेशिया की हो सकती है। इसकी पुष्टि के लिए शवों के टुकड़ों की फॉरेंसिक जांच की जाएगी। जांच के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को अंबिकापुर से बुलाया गया है, साथ ही रामचंद्र के परिजनों को भी सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। अब लाश के डीएनए और अन्य टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि लाश रामचंद्र की है या फिर नहीं। एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ने बताया कि लाश कई टुकड़ों में मिली है। उसके हाथ-पैर समेत शरीर के अन्य अंग काटे गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा लग रहा है कि युवक की हत्या के बाद उसके अंगों को काटकर प्लास्टिक की बोरियों में भरा गया और फिर यहां लाकर फेंक दिया गया।

उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जा सकेगी। आरोपियों की तलाश के लिए शव का शिनाख्त होना भी जरूरी है।

# गांव गरीब किसानों की खुशहाली के लिए काम किया-डॉ. चरण दास महन्त

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

आज जो किसानों में सम्पन है ये उनके सोच का परिणाम है कि जांजगीर सकती रायगढ़ बिलासपुर कोरबा में नहरों से सिंचाई व्यवस्था कर किसानों को खुशहाल जीवन दिया उक्त विचार स्व. बिसाहू दास महन्त के 45 वीं पूण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजली समारोह के अवसर पर मीडिया से बात करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरण दास महन्त ने कही डॉ. महन्त ने कहा कि स्व. बिसाहू दास महन्त स्व श्यामा चरण शुक्ला ने छत्तीसगढ़ के विकास की सोच शुरू से रही बाद में कांग्रेस सरकार ने सिचाई



व्यवस्था का विस्तार किया जिससे जांजगीर सकती रायगढ़ को इसका लाभ मिला जैजैपुर विधायक केशव चन्द्रा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व. बिसाहू दास महन्त जीवन भर दिन दु:खियों की सेवा की चाहे एक शिक्षक के रुप मे या किसान या राजनेता के रूप में कबीर परम्परा के सन्त थे बिसाहू दास महन्त उद्यान में आदमकद प्रतिमा पर पूरे महन्त परिवार ने माल्यार्पण किया इस अवसर पर शक्ति जिला के कांग्रेस जन विभिन्न समाज सेवी संस्था के प्रबुद्ध जन उपस्थिति थे। उक्त कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत लोकसभा कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत,राजेश महंत,सूरज महंत,श्रीजन महंत जैजैपुर विधायक,केशव चंद्रा शक्ति नगर पालिका अध्यक्ष,सुषमा दादू जयसवाल त्रिलोक चंद जायसवाल जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष नरेश गेवाडीन जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष, गीता देवांगन अधिवक्ता दिगंबर चौबे मदन लाल अग्रवाल मंडी अध्यक्ष रूप नारायण साहू वरिष्ठ कांग्रेसी महबूब खान वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष साधेस्वर गवेल अलका जयसवाल पिंटू ठाकुर रश्मि गवेल आनंद अग्रवाल घनश्याम पांडे मनोज जायसवाल चैन सिंह सामले जनपद सदस्य अशोक यादव भवानी तिवारी रथराम पटेल गुरुदेव चौधरी जगेश्वर सिंग राज डमरूधर साहू श्याम राठौर उत्तम लहरें अमित राठौर संजय सिदार राजेंद्र साहू पिंटू राठौर पप्पू अग्रवाल सोनू कुरैशी विजया जायसवाल चांदनी सहिस कमल साहू राइस किंग खुटे छोटू दास महंत प्यारेलाल कन्हैया कुमार विष्णु तिवारी नान्हू भांचा रामसंजीवन लाला सोनी ताहिर खान विजय बहादुर मनोहर खूंटे लव सोनी घनश्याम जायसवाल धनीराम महंत भुरू अग्रवाल थे। साथ ही पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे अतिरिक्त कलेक्टर वीरेंद्र लकड़ा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तस्लीम आरिफ जिला शिक्षा अधिकारी बीएल खरे तहसीलदार मनमोहन सिंह सहायक यंत्री विद्युत एनके पटेल उपस्थित थे।

## एक नजर

### एंटी पोचिंग टीम द्वारा पकड़े गए आरोपीयों के मोबाइल से मिला अहम सबूत,फिर एक पैंगोलिन तस्कर हुआ गिरफ्तार



**गरियाबंद।** गरियाबंद वन विभाग द्वारा लगातार वन्य जीव तस्करों पर शिकंजा कसने में सफलता हासिल कर रही हैं,इसी कड़ी में 20 जुलाई को पकड़े गए आरोपी लालधर और टीकम से पेंगोलीन स्केल तस्करो के बारे में अहम सबूत मिला जिसके आधार पर वन विभाग और गरियाबंद सायबर सेल के संयुक्त टीम ने नए पैंगोलिन तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल किया।

ज्ञात हो कि 20 जुलाई को पकड़े गए दोनों पेंगोलिंन तस्कर लालधर पिता हरिसिंग, टीकम पिता नीलधर ग्राम राजकोट थाना चंदाहांडी जिला नवरंगपुर के बयान एवं उनके मोबाईल से प्राप्त अहम् सबूत के आधार पर संतोष मांझी, बलदेव मांझी ग्राम नुवागांव थाना झरीगांव (उड़ीसा) एवं दामूधर,जोगा ग्राम राजकोट थाना चंदाहांडी जिला नवरंगपुर के प्रकरण में संलिप्त होने के सबूत मिले। जिनके पतासाजी के लिए इन्दागांव वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा ओडिसा झरीगांव थाना को मामले से अवगत करा कर सहयोग माँगा एवं संयुक्त टीम बनाई। गरियाबंद पुलिस के साइबर सेल से भी निरंतर सहायता मिलती रही। संयुक्त टीम ने मोबाइल से मिले सबूतो के आधार झरीगांव निवासी संतोष मांझी एवं पवन मांझी को पकड़ा,संतोष मांझी के पास से 1 किलो 80 ग्राम पेंगोलिन स्केल भी बरामद किया गया। जिसे जप्त किया गया और संतोष मांझी,पवन मांझी को झरिगांव पुलिस के सहायता से दोनों को वन परिक्षेत्र इंदागांव बफर कार्यालय में पूछताछ के लिए लाया गया,पूछताछ में संतोष मांझी मामले में संलिप्त पाया गया,जबकि आरोपी बलदेव मांझी मौके से फरार हो गया। एवं पूछताछ के लिए लाए गए पवन मांझी को वन अपराध में संलिप्त नहीं होना पाया गया। जिसे विभाग ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया। विभाग ने संतोष मांझी पिता भगत मांझी,उम्र 38 वर्ष ग्राम नुवागांव,थाना झरीगांव,जिला नवरंगपुर(उड़ीसा) को तस्करी में संलिप्त पाये जाने पर 22 जुलाई को व्यवहार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी संतोष पिता भगत मांझी को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेजा गया। एवं फरार आरोपी बलदेव,दामूधर,जोगा का छत्तीसगढ़ वन विभाग की एन्टीपोचिंग टीम के द्वारा लगातार तलाश किया जा रहा हैं। इस कार्यवाही में एन्टीपोचिंग टीम के सदस्य डोमार सिंह साहू, परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उदंती देवनारायण सोनी,परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उदंती दानवीर चिण्डा,गंगाराम ठाकुर,पुनाराम साहू,मनोज ध्रुव,फलेश्वर दीवान,रोहित निषाद,ऋषि ध्रुव,विरेन्द्र ध्रुव,ओम प्रकाश राव,राकेश मार्कडे,चुरामन घृतलहरे,पुनीत, जानकी बाई,शाहरुख खान,वरुण साखरे एवं ओडिसा झरीगांव पुलिस स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

### स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन कर ली जानकारी एनएचआरसीसीबी छत्तीसगढ़ जांजगीर चांपा टीम द्वारा




**जांजगीर चांपा।** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष डा. जतिंदरपाल सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 22 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में जाकर अवलोकन कर वहां के सुविधाओ व व्यवस्थता के लिये डाक्टर व कर्मचारीयो के साथ मरीजो से चर्चा कर जानकारी जांजगीर चांपा ब्यूरो के जिला अध्यक्ष श्री विष्णु अवतार कश्यप जिला महासचिव ललित कुमार बरेठ, श्री महेंद्र कश्यप मीडिया प्रभारी अटल कश्यप मोहन कश्यप व्दारा प्राप्त की गई ।

### सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर ।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने महाराजबंद तालाब के पास शराब पीते आरोपी सूर्यप्रकाश सोनवानी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार टिकरापारा पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र सिंह ठाकुर 43 वर्ष व लखन आदित्य 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## जॉन अब्राहम की फिल्म पाप ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक



साल 2003 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म पाप को दर्शकों द्वारा काफी प्यार मिला था। इसमें जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी और गुलशन ग्रोवर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। अब 21 जुलाई को पाप ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है। इसका निर्देशन पूजा भट्ट ने किया था, वहीं इसका निर्माण भी इन्होंने ही किया था। पाप की कहानी महेश भट्ट, जेपी दीक्षित और निरंजन अयंगर ने लिखी थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो जॉन को पिछली बार फिल्म पठान में देखा गया था। इसमें वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ अभिनय करते नजर आए थे। फिल्म ने दुनियाभर में 1,050 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था, जबकि भारत में पठान 525 करोड़ रुपये बटोरने में सफल रही।



## जैकलीन फर्नांडिस के फोटोशूट ने इंस्टाग्राम पर लगाई आग, देखकर छूटे फैंस के पसीने

बॉलीवुड फिल्मों की जानी मानी मशहूर अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस इंडस्ट्री की जान मानी एक्ट्रेस हैं। अपने करियर में जैकलीन ने कई हिट फिल्में दी हैं। पिछले दिनों अभिनेत्री का नाम सुकेश चंद्रशेखर के साथ जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर खूब ख़बरों में रहा था।

सुकेश संग नाम जुड़ने के पश्चात् सोशल मीडिया पर जैकलीन को जमकर ट्रोल भी किया गया। वहीं, अब जैकलीन की लेटेस्ट बोल्ड फोटोज सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। इन फोटोज में उनका सुपर बोल्ड अवतार देखकर प्रशंसकों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। इन फोटोज को देखने से पहले आप भी अपना दिल थाम लें।

जैकलीन फर्नांडिस अभिनय के साथ सोशल मीडिया पर भी जमकर एक्टिव रहती हैं। हाल ही में जैकलीन ने अपना बोल्ड फोटोशूट कराया है, जिनकी फोटोज उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनकी हॉटनेस बस देखते ही बन रही है। फोटोज में आप देख सकते हैं कि जैकलीन ने ब्लैक कलर का डिजाइन ब्रालेट पहना हुआ है। फ्रंट से इस ब्रालेट का डिजाइन बहुत यूनिक है। इसके साथ उन्होंने ब्लू डेनिम जींस कैरी की है। वहीं, अपने लुक को और भी खूबसूरत बनाने के लिए जैकलीन फर्नांडिस ने अपने बालों को खुला रखा है। इन फोटोज में जैकलीन फर्नांडिस अलग-अलग अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। इस फोटो में उनका जलवा बस देखते ही बन रहा है। जैकलीन फर्नांडिस की ये तस्वीरें बहुत वायरल हो रही हैं। इन पर कमेंट कर यूजर्स निरंतर प्रतिक्रिया देते दिखाई दे रहे हैं। इस पर कमेंट कर एक शख्स ने जैकलीन को ट्रोल करते हुए लिखा, वो जो सुकेश है उस पर डॉक्यूमेंट्री मूवी बनने वाली है, तो आप अपने किरदार में किसको देखना चाहती है।

## सेक्स और लस्ट पर खुलकर बातचीत करना जरूरीः मृणाल ठाकुर

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर, जिन्हें स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2' में अपने शानदार परफॉर्मेंस के चलते काफी सराहना मिल रही है, का मानना है कि सेक्स और लस्ट पर खुलकर बात करना सबसे महत्वपूर्ण है।

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर, जिन्हें स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2' में अपने शानदार परफॉर्मेंस के चलते काफी सराहना मिल रही है, का मानना है कि सेक्स और लस्ट पर खुलकर बात करना सबसे महत्वपूर्ण है।

लस्ट स्टोरीज़ 2' सफल रिश्तों में लस्ट और सेक्स के महत्व पर प्रकाश डालती है, जिसमें मृणाल की ऑन-स्क्रीन दादी के रूप में नीना गुप्ता का किरदार आर. बाल्की द्वारा निर्देशित फिल्म के नैरेटिव को उजागर करता है। एक्ट्रेस ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि सेक्स और लस्ट पर खुलकर बात करना महत्वपूर्ण है, खासकर जब कोई उम्र में बड़ा हो रहा हो। जब कोई युवा वयस्क होता है, तो उसके पास एक आदर्श होता है जो एक युवा व्यक्ति को सही ज्ञान और जानकारी प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा, अगर परिवार के बच्चों सहित सभी युवा के पास कम से कम एक व्यक्ति हो, जिसके साथ वे इन विषयों पर ईमानदारी से चर्चा कर सकें, तो उन्हें बाहरी दुनिया से बहुत सारी गलत जानकारी प्राप्त करने की संभावना कम होगी। लस्ट स्टोरीज़ 2' में मृणाल ठाकुर ने जल्द ही शादी करने वाली एक महिला का किरदार निभाया है, जो अपने फ्यूचर पार्टनर के साथ कथित लस्ट कोशिएंट के बारे में अपनी दादी से मज़ाकिया तरीके से बात करती है। लस्ट स्टोरीज़ 2' नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



## कंगना रनौत ने जारी की तेजस की रिलीज तारीख, बनीं वायुसेना अधिकारी



कंगना रनौत बीते दिनों अपनी अपनी फिल्म टीकू वेड्स शेरू के लिए चर्चा में थीं। इसके बाद उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी का टीजर जारी किया जिसमें वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आईं। इंदिरा के रूप में उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। अब उन्होंने अपनी एक और फिल्म तेजस से अपना लुक जारी किया है। इसके साथ ही फिल्म के रिलीज की तारीख का भी ऐलान कर दिया गया है। तेजस 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कंगना ने ट्विटर पर फिल्म से अपनी तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में वह वायुसेना के पायलट के रूप में नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, वायुसेना के बहादुर पायलट के सम्मान में। फिल्म 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रॉनी स्क्रूवाला के आरएसवीपी मूवीज के बैनर के तहत बनी इस फिल्म का निर्देशन सर्वेश मेवाड़ा ने किया है। पहले इस फिल्म के 5 अक्टूबर को रिलीज होने की खबर थी। अब इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया गया है। फिल्म फिल्म तेजस का नाम भारत में बनने वाली हल्के लड़ाकू विमान तेजस के नाम पर रखा गया है। भारतीय वायु सेना ने 2016 में महिलाओं को युद्ध बल में शामिल किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म इसी ऐतिहासिक घटना से प्रेरित है।

## टाइगर श्रॉफ का गाना लव स्टीरियो अगेन रिलीज, जहरा खान ने दिया साथ




बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ का गाना लव स्टीरियो अगेन रिलीज हो चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर प्रशंसकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इसमें टाइगर की जोड़ी अभिनेत्री सलमा आगा की बेटी जहरा खान के साथ बनी है। लव स्टीरियो अगेन में दोनों सितारों की केमिस्ट्री देखने लायक है। गाने को प्राकृतिक नजारों की खूबसूरती के बीच फिल्माया गया है। टी-सीरीज द्वारा निर्मित लव स्टीरियो अगेन का निर्देशन मनीष शंटी ने किया है। टाइगर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर लव स्टीरियो अगेन गाने की एक क्लिप साझा की है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे कुछ फेवरेट बीट्स। लव स्टीरियो अगेन गाना रिलीज हो गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो टाइगर आजकल बड़े मियां छोटे मियां को लेकर सुर्खियों में हैं। इसके अलावा वह गणपत में भी नजर आएंगे, वहीं जहरा निर्माता-निर्देशक एकता कपूर की पैन इंडिया फिल्म वृषभ से अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है।

## कल्कि 2898 एडी रखा गया प्रोजेक्ट के का नाम, भगवान विष्णु बने प्रभास और योद्धा बनीं दीपिका



प्रभास और दीपिका भी पादुकोण की फिल्म प्रोजेक्ट के खूब सुर्खियों में है। यह फिल्म कई मायनों में खास है। एक तो इसके जरिए दीपिका पादुकोण और प्रभास की जोड़ी पहली बार दर्शकों के बीच आ रही है, वहीं इसके लिए दीपिका और अमिताभ बच्चन फिर साथ आए हैं, जो पहले पीकू में काम कर चुके हैं। सैन डिएगो में चल रहे कॉमिक-कॉन इवेंट में इस फिल्म का नाम और टीजर जारी होने से कई अहम जानकारियों से पर्दा उठ गया। प्रोजेक्ट के का नाम कल्कि 2898 एडी रखा गया है। इसका पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसे निर्माताओं ने साथ ही साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। कल्कि 2898 एडी की पहली झलक देख पता चलता है कि इस फिल्म को देख दर्शकों को पहले कभी न देखा गया अनुभव महसूस होगा। दीपिका जहां इसमें योद्धा की तरह लड़ रही हैं, वहीं बुराई के खिलाफ लड़ता प्रभास का किरदार भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि से प्रेरित है। जब दुनिया में अंधकार छा जाएगा तो एक शक्ति का उदय होगा, टीजर में यही कहा गया है। फिल्म की कहानी एक अंधेरी और विनाशकारी दुनिया के इर्द-गिर्द घूमेगी।

यह अब से 800 साल बाद के भविष्य पर आधारित है। प्रभास-दीपिका अपनी दुनिया बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करते दिखेंगे। टीजर इंफिनिटी वॉर और एवेंजर्स की याद दिलाता है। कल्कि भारतीय सिनेमा के स्तर को और आगे ले जाएगी, इसकी भव्यता और बैकग्राउंड म्यूजिक देख तो यही लगता है। पहली झलक में कमल हासन और दिशा पाटनी का किरदार नहीं दिखाया गया है।

# खेल




## चिराग-सात्विक ने जीता कोरिया ओपन बैडमिंटनः वर्ल्ड नंबर 1 जोड़ी को हराया

### यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी

भारतीय बैडमिंटन स्टार सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने कोरिया ओपन का खिताब जीत लिया है। चिराग-सात्विक की जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर 1 फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान की इंडोनेशियाई जोड़ी को 17-21, 21-13, 21-14 के अंतर से हराया। फाइनल मुकाबला 62 मिनट तक चला। इस मुकाबले से पहले इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड 2-2 से बराबरी पर था। कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट पहली बार 1991 में हुआ। टूर्नामेंट तब से हर साल साउथ कोरिया के अलग-अलग शहरों में हो रहा है। ये ग्रेड-2 का टूर्नामेंट है, जो बैडमिंटन सुपर-500 कैटेगरी में आता है। इसमें भी मेंस, विमेंस सिंगल्स कैटेगरी के साथ मेंस, विमेंस और मिक्स्ड डबल्स के 5 इवेंट होते हैं।

2017 में पीवी सिंधु ने विमेंस सिंगल्स का खिताब जीता था। वह कोरिया ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थीं। उनके बाद अब मेंस डबल्स में सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में खिताब जीता। दोनों की जोड़ी डबल्स इवेंट का खिताब जीतने वाली पहली डबल्स जोड़ी बनी।

इससे पहले फाइनल तक के सफर में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन चाइनीज जोड़ी वेइ केंग लिआंग-चंग वांग को सीधे गेमों में हराया था। क्वार्टर फाइनल में जापानी जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी, राउंड ऑफ 16 में चीन की हे जी टिंग और झोउ हाओ डोंग की जोड़ी और राउंड ऑफ 32 में सुपक जोमकोह-किटिनुपोंग केड्रेन की थाई जोड़ी को हराया था।



**चिराग-सात्विक का कोरिया ओपन में सफर**

| मैच | बनाम | देश | रिजल्ट |
|---|---|---|---|
| राउंड ऑफ 32 | सुपक जोमकोह किटिनुपोंग केड्रेन | थाईलैंड | 2-0 |
| राउंड ऑफ 16 | हे जी टिंग और झोउ हाओ डोंग | चीन | 2-0 |
| क्वार्टर फाइनल | ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी | जापान | 2-0 |
| सेमीफाइनल | लियांग वे केंग और वांग चांग | चीन | 2-0 |
| फाइनल | फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान | इंडोनेशिया | 2-1 |

सात्विक और चिराग ने इस साल इंडोनेशिया सुपर 1000 और स्विस ओपन सुपर 500 खिताब जीते हैं। जून में अपने पिछले टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन को जीतने वाली भारतीय जोड़ी का यह लगातार दूसरा खिताब है। वहीं यह उनका तीसरा बीडब्ल्यूएफ 500 खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2019 में थाईलैंड ओपन और पिछले साल इंडिया ओपन जीता था। दुनिया में बैडमिंटन चलाने वाली संस्थान BWF 3 ग्रेड के टूर्नामेंट कराती है। इनमें ग्रेड-1 में वर्ल्ड चैंपियनशिप, ओलिंपिक गेम्स और ऑल इंग्लैंड ओपन जैसे टूर्नामेंट शामिल हैं, वहीं ग्रेड-2 में वर्ल्ड टूर फाइनल्स, सुपर सीरीज शामिल हैं। सुपर सीरीज भी 5 लेवल की होती है, इसमें लेवल-1 वर्ल्ड टूर फाइनल्स, लेवल-2 में सुपर-1000, लेवल-3 में सुपर-750, लेवल-4 में सुपर-500 और लेवल-5 में सुपर-300 इवेंट्स शामिल हैं। इसके बाद बारी आती है ग्रेड-3 टूर्नामेंट की। इनमें इंटरनेशनल चैलेंज, इंटरनेशनल सीरीज और फ्यूचर टूर जैसे इवेंट शामिल होते हैं।

## एक नजर

### विमेंस क्रिकेट...भारत-बांग्लादेश तीसरा वनडे टाई

### 19 गेंद में 10 रन नहीं बना सकी टीम इंडिया, 4 विकेट भी गंवाए, सीरीज 1-1 से ड्रॉ

इंडिया विमेंस टीम और बांग्लादेश विमेंस टीम के बीच तीसरा वनडे मैच टाई रहा। तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म हुई। सीरीज का पहला मैच बांग्लादेश ने और दूसरा मैच भारत ने जीता था। मीरपुर में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया।




पहले बैटिंग करते हुए बांग्लादेश ने 50 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान के साथ 225 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 49.3 ओवर में 225 रन पर ही ऑल आउट हो गई।

### फरगाना हक की शतकीय पारी

बांग्लादेश टीम की ओपनर फरगाना हक ने शतक लगाया। उन्होंने 160 गेंदों का सामना करते हुए 107 रन बनाए। फरगाना ने इस पारी में 7 चौके लगाए। फरगाना को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। शमीमा सुल्ताना ने 78 गेंदों का सामना करते हुए 52 रन बनाए। सुल्ताना की इस पारी में 5 चौके शामिल रहे।

### कोरिया ओपन बैडमिंटन...सात्विक-चिराग की जोड़ी फाइनल में-

### डिफेंडिंग चैंपियन को सीधे गेमों में हराया, वर्ल्ड नंबर-2 चाइनीज जोड़ी के खिलाफ पहली जीत



वर्ल्ड नंबर-3 भारतीय जोड़ी ने डिफेंडिंग चैंपियन चाइनीज जोड़ी वेइ केंग लिआंग-चंग वांग को सीधे गेमों में हराया। भारतीय जोड़ी ने दूसरी सीड चाइनीज जोड़ी को 21-15, 24-22 से हराया। अब तक खेले गए तीन मैचों में यह पहला मौका है जब सात्विक-चिराग की जोड़ी ने वे केंग और वांग चांग की जोड़ी को हराया है। भारतीय जोड़ी ने इस साल अपने तीसरे BWF वर्ल्ड टूर के फाइनल में जगह बनाई है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी की जोड़ी को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया था। यह मुकाबला 40 मिनट चला था।

**भारतीय शटलरों ने आक्रामक खेल दिखाया**

भारतीय जोड़ी ने पहले गेम को जीत कर मुकाबले की शानदार शुरुआत की। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पहला गेम 21-14 से जीता। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम की शुरुआत भी आक्रामक अंदाज में किया। रोमांचक गेम में भारतीय शटलरों ने चीन की जोड़ी को 24-22 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्का किया।

### रेसलिंग ट्रायल्स...रवि दहिया को हराने वाले आतिश तोडकर हारे

## बजरंग के खिलाफ केस करने वाले सुजीत कलकल 65 किग्रा कैटेगरी में एलिमिनेट



टोक्यो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाले रवि दहिया एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। उन्हें रेसलिंग ट्रायल्स के पहले राउंड में ही महाराष्ट्र के आतिश तोडकर ने चित्त कर हरा दिया। लेकिन आतिश सेमीफाइनल मुकाबला हार गया। अब 57 किग्रा कैटेगरी का फाइनल दिल्ली के राहुल और हरियाणा के अमन के बीच होगा।

### सुजीत कलकल भी हारे

65 किग्रा वेट कैटेगरी में बजरंग पूनिया का सिलेक्शन पहले से हो चुका है। इस कैटेगरी में जीतने वाले रेसलर को स्टैंड बाय प्लेयर के रूप में एशियन गेम्स खेलने भेजा जाएगा। इस सिलेक्शन को हाई कोर्ट में चैलेंज करने वाले सुजीत कलकल अपना मुकाबला जीत नहीं सके। रोहित गुलिया ने उन्हें हराकर फाइनल में जगह बनाई। रोहित के सामने विशाल कालीरमन होंगे। रवि दहिया और आतिश तोडकर के बीच पहले राउंड का मुकाबला खेला गया। रवि पहले राउंड में 20-8 से आगे चल रहे थे, लेकिन आतिश ने टाइम खत्म होने से ठीक पहले अपना फिनिशंग मूव लगाया और फॉलआउट दांव लगाकर रवि दहिया को चित्त कर दिया। फॉलआउट में विपक्षी रेसलर के दोनों कंधों को एक सेकेंड से ज्यादा समय के लिए जमीन से टकराना होता है।

### अश्विन की ड्रीम बॉल पर ब्रेथवेट बोल्ड हुए

## रहाणे ने पकड़ा डाइविंग कैच, सिराज का रोनाल्डो जैसा सेलिब्रेशन, टॉप मोमेंट्स



भारत-वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट बराबरी पर खड़ा है, लेकिन तीसरे कई रोचक मोमेंट्स देखने को मिले। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑफ स्पिनर की ड्रीम बॉल पर वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रेथवेट को बोल्ड किया। स्लिप पोजिशन पर अजिंक्य रहाणे ने एक हाथ से डाइविंग कैच पकड़ा। जोशुआ डा सिल्वा को बोल्ड करने के बाद मोहम्मद सिराज ने फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसा सेलिब्रेशन किया। डेब्यूटांट मुकेश कुमार ने टेस्ट करियर का पहला विकेट हासिल किया।

दुनिया के नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने ऑफ स्पिनर की ड्रीम बॉल फेंकी, जिस पर विंडीज कप्तान क्रैग ब्रेथवेट बोल्ड हो गए। ब्रेथवेट ने 75 रन बनाए और अश्विन का मैच में पहला शिकार बने।

आमतौर पर अश्विन की बॉल तीन या चार डिग्री टर्न लेती है, लेकिन 73वें ओवर में उनकी चौथी बॉल 10.1 डिग्री टर्न हुई। ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न ने बॉल ऑफ द सेंचुरी को 12.1 डिग्री टर्न कराया था। अश्विन ने ऑफ स्टंप के बाहर बॉल फेंकी, जो अंदर की ओर टर्न होकर स्टंप्स से जा लगी। ब्रेथवेट इसे डिफेंड करना चाहते थे, लेकिन बॉल ज्यादा टर्न ले गई और बैट-पैड के बीच से घुसकर मिडिल स्टंप पर जा लगी।

### राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता जारी

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक पारंपरिक खेल महाकुंभ को लेकर प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को वैश्विक पहचान दिलाने और लोगों में खेल के प्रति जागरूकता लाने विगत वर्ष से शुरू की गई छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।**



शहर से लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों में अलग-अलग स्तर पर इसका आयोजन कराया जा रहा है। पहले स्तर की प्रतियोगिता राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर आयोजित की जा रही हैं, जो जशपुर के इचकेला, कुनकुरी, बगीचा, फरसाबहार सहित पूरे जिले भर में जारी हैं। इस वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक 16 खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इन खेल विधाओं में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, रस्सी-कस्सा, बाटी, फुगड़ी, भंवरा, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, संकली, लंबी कूद, गेड़ी दौड़, 100 मी दौड़ और बिल्लस सहित दो नये खेल शामिल है। प्रतियोगिता तीनवर्गों में आयोजित की जा रही है। पहला 18 वर्ष की आयु तकए दूसरा 18 से 40 वर्ष की आयु तक एवं तीसरा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक महिला और पुरुष दोनों वर्ग में शामिल है।

पहले स्तर की प्रतियोगिता राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर आयोजित की जा रही हैं जो जशपुर के इचकेला, कुनकुरी, बगीचा, फरसाबहार सहित सभी पूरे जिले भर में जारी हैं। दूसरे स्तर में की बात की जाए तो 8 क्लब को मिलाकर एक जोन बनाया गया हैं। जिसमें चयनित खिलाड़ी विकासखण्ड स्तर पर होने वाली प्रतिस्पर्द्धा में भाग लेंगे। इसके बाद जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता और प्रतिभागी दल को पुरस्कार राज्य युवा महोत्सव में दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इस वर्ष 17 जुलाई से से जारी हैं।



## एक नजर

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने धरा फाउंडेशन ने किया वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने धरा फाउंडेशन के माध्यम से बेरला थाने के समीप खाली जमीन पे वृक्षारोपण किया गया। अलग-अलग प्रजाति जैसे अमरूद आंवला कटहल आम के पेड़ों को रोपित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, धरा फाउंडेशन के सदस्य मंजू पटेल, कल्पना पटेल,रजनी पटेल,सुनील पटेल,क्षीरसिन्धु पटेल, अभिषेक एवं रेवती चौधरी उपस्थित रहे।

### भोपाल से दो युवकों का अपहरण, भिलाई के होटल में रखा बंधक




**भिलाई।** भोपाल से दो युवकों का अपहरण भिलाई के होटल में रखे होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सुपेला टीआई को धमतरी निवासी शख्स ने फोन कर बताया कि उसके बेटे व बेटे के दोस्त को कुछ लोग भोपाल से अगुवा कर भिलाई में बंधक बना रखा है। सूचना के बाद सुपेला पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए न सिर्फ अपहृत युवकों को सकुशल बरामद किया बल्कि रात भर गश्त कर आरोपियों को भी दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ सुपेला पुलिस ने धारा- 294, 323, 506, 364क, 365, 387, 109, 34 के तहत कार्रवाई की। दरअसल यह पूरा कांड महादेव एवं अन्ना रेड्डी एप के संचालक सौरभ चन्द्राकर, रवि उप्पल एवं दीपक नेपाली के गुर्गों ने एप में हुए घाटे को वसूलने के लिए किया था। 22 जुलाई की रात को धमतरी निवासी रामकृष्ण साहू ने सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा को मोबाइल पर सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र योगेश साहू व उसके दोस्त सन्नी सिन्हा को कुछ लोगों ने भोपाल से बंधक बनाकर भिलाई लेकर पहुंचे हैं और सुपेला के किसी होटल रखकर मारपीट की जा रही है। साथ इनके द्वारा फिरौती की मांग की जा रही है।

## विकास खंड दुलदुला के ग्राम पंचायत चराईडांड़ में स्वच्छ भारत मिशन का उड़ रहे धज्जियां

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

ग्राम पंचायत चराईडांड़ में कई महीनो से स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ-सफाई का काम बंद है। जगह जगह कचरा के ढेर देखने को मिल रहा हैं साफ-सफाई एवं वर्मी कम्पोष्ट खाद बनाने का काम महिला स्वसहायता समूह सिहारडांड़ के द्वारा किया जाता है और उनके द्वारा चराईडांड़ चौक के हर दुकानदार को अपने दुकान से निकले कचड़ा को एक जगह जमा करने कहते थे और सप्ताह में एक बार शासन द्वारा प्रदत रिक्शा में उठाव किया जाता था किन्तु जिस रिक्शा से कचड़ा उठाव किया जाता था। उसका पिछला एक चका ही टूट गया और जिसे लगवाने या उसको बनवाने वाला कोई नहीं है जिसे स्व.सहायता समूह वाले भी लावारिस हालत में चराईडांड़ के साप्ताहिक बजारडांड़ में एक आम पेड़ के ओछी में छोड़ दिये हैं। जिसका पुछ ताछ करने वाले कोई नहीं है जब से यह रिक्शा खराब हुआ है तब से कचड़ा उठाव बंद है जिससे चराईडांड़ चौक के आसपास कचड़ा बिखरा हुआ रहता है चुंकी दुकानदार तो अपने दुकान से निकलने वाला कचड़ा को अभी भी साफ-सफाई कर फेंक रहे हैं किन्तु ग्राहकों द्वारा कोई समान खरीदने के बाद उसमें लगे रेपर को फाड़ कर आस पास ही फेंक दिया जाता हैं। कुच्छ रेपर तो कागज के होते हैं जो समान्य तौर पर नष्ट हो जाते हैं या मवेशी खा जाते हैं किन्तु कुछ प्लास्टिक के होते हैं वह नष्ट नहीं होता है उसे




जलाने से ही नष्ट किया जा सकता है। लेकिन ऐसे प्लास्टिक थैली जिसमें दुकानदार कोई नमकिन या मीठा समान देते हैं और मवेशी जब नमकीन या मिठा सूंघ लेते हैं उसे तुरंत ही प्लास्टिक सहित निगल जाते हैं जो पेट में जाने के बाद भी नहीं पचते हैं और मवेशियों के लिए बिमारी का कारण बनता हैं जिसे सर्जरी करके बाहर निकाला पड़ता है बहुत कम पशुपालक ही अपने पशु का सर्जरी कराने में सक्षम रहते हैं और जो पशुपालक समय रहते अपने मवेशी का सर्जरी नहीं करा पाते हैं उनका मवेशी असमय ही मर जाते हैं बरसात के समय में कचड़ा बिखरे रहने से कागज या अन्य कूड़े कचड़े भी पानी में भिंगने से सड़ने लगते हैं और बदबू फैलता है जिसमें कई तरह के किटाणु का जन्म होता है और कई बिमारी होने का सम्भावना बढ़ जाती है सरकार एक तरफ मानव जनजीवन स्वस्थ हो सभी निरोग हो इसके लिए स्वक्ष भारत मिशन जैसे जन कल्याणकारी कार्य कर रही हैं लाखों रुपये एक एक व्यक्ति के लिए खर्च कर रहे हैं पर धरातल में इसका महत्व देखना हैं तो एन एच 43 में लगे जशपुर जिला मुख्यालय से मात्र 30 कि.मी.ग्राम पंचायत चराईडांड़ विकास खंड दुलदुला में देखा जा सकता है कि सरकार का महत्वाकांक्षा जन कल्याणकारी स्वच्छ भारत मिशन का कैसे धज्जियां उड़ाया जा रहा है पंचायत को भी जनता के स्वस्थ पर कोई चिंता नहीं है आखिर इसके जिम्मेदार कौन है शासन-प्रशासन को चाहिए कि इसे संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत चराईडांड़ में स्वक्षता का बहाल करते हुए सम्बन्धित जो भी इसके जबाबदार एवं जिम्मेदार लोग हैं। उन पर उचित कार्यवाही करने का आवश्यकता है जिससे भविष्य में जनता के स्वस्थ्य पर जुड़े कार्य में लापरवाही न कर सके एवं सरकार का महत्वाकांक्षा योजनाओं का समुचित लाभ जनताओं को मिल सकता है।

## दीपका खदान में हादसा : डंपर ऑपरेटर घायल, अपोलो रेफर

**कोरबा।** दीपका खदान क्षेत्र में कार्य कर रहे एक डंपर में कोई तकनीकी खराबी आ गई। उसमें से अचानक धुआं उठने लगा। कहीं अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार न हो जाए, इस डर से उसे ऑपरेट कर रहा डंपर ऑपरेटर नीचे कूद गया। अपनी जान बचाने के लिए उसका यह फौरी कदम काफी घातक था, जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं। घायल अवस्था में उसे नेहरू शताब्दि अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गंभीर दशा को देखते हुए ऑपरेटर को बिलासपुर अपोलो रेफर कर दिया गया है। दूसरी ओर इस घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात यह घटना एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना के खदान एरिया की है। अपनी रात्रि की पाली में ड्यूटी पर पहुंचे ऑपरेटर घनश्याम कश्यप यह डंपर नंबर 101 ऑपरेट कर रहा था। भोर में सुबह करीब 4.30 बजे डंपर में कोई तकनीकी खराबी सामने आई। उसके मशीन से कुछ धूंआ उठता दिखाई दिया। इससे पहले की डंपर से उसका नियंत्रण खो जाता, उसे अपनी जान बचाकर डंपर ऑपरेटर डंपर से कूद जाना ही समझदारी लगी। यूं अचानक डंपर से कूदने के कारण ऑपरेटर के शरीर में कई जगह पर चोटे आई है। घटना की जानकारी मिलने पर अन्य कर्मियों की मदद से बुरी तरह से घायल हुए घनश्याम को एसईसीएल के विभागीय अस्पताल नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल गेवरा में जांच के लिए भर्ती कराया गया। अस्पताल में परीक्षण के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। यह घटना क्यों हुई अथवा किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जानकारी जांच के उपरांत ही मिल सकेगी।

# ब्राह्मण समाज बरतुंगा इकाई द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

ब्राह्मण समाज चिरमिरी बरतुंगा इकाई के द्वारा बरतुंगा में समाज में ब्राह्मणों की भूमिका, विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण विषय पर संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर भागवत प्रसाद दुबे सेवानिवृत्त प्राचार्य लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी, डॉ. डी के उपाध्याय प्राचार्य स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी, डॉ रामकिंकर पांडे प्राचार्य शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी, हरि कांत अग्निहोत्री अध्यक्ष ब्राह्मण समाज चिरमिरी एवं डॉ आराधना उपाध्याय शिक्षिका डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी ने अपने प्रभावपूर्ण एवम सारगर्भित विचार प्रस्तुत किये ।सभी वक्तागण ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में ब्राह्मणों की महत्वपूर्ण भूमिका है समाज ब्राह्मणों को आशा भरी दृष्टि से देख रहा है और ब्राह्मण समाज अपने ज्ञान, त्याग, समर्पण एवम कर्तव्य से समाज को दिशा दे यह आवश्यक है। प्रोफेसर भागवत प्रसाद दुबे ने सभी विप्रजन को स्वाध्याय एवम समय प्रबंधन को जीवन शैली में अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर विप्रजन परिवार के बच्चों के लिए प्रश्न मंच का आयोजन भी किया गया जिसमें आध्यात्म एवम सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।




प्रथम स्थान शुभांश मिश्रा, द्वितीय स्थान, शिवांश त्रिपाठी एवं तृतीय स्थान,यजत शर्मा ने प्राप्त किया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता का संचालन अश्वनी कुमार पांडे शिक्षक डीएवी चिरमिरी ने किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में एस के पाण्डेय प्राचार्य डीएवी, विदुर शर्मा प्राचार्य,उमाशंकर मिश्रा, धर्मेंद्र त्रिपाठी, रामलखन मिश्रा, राजेंद्र तिवारी,राजेंद्र शुक्ला, अखिलेश दुबे, जितेंद्र शुक्ला,सुनीलत्रिपाठी,गोकरण तिवारी,डां. रोहित पांडे योगेश मिश्रा, विवेक त्रिपाठी, प्रतिमा शर्मा, अपराजिता पांडे, निशा द्विवेदी, विजय नारायण दुबे,सुनील मिश्रा, रामवतार द्विवेदी, सुशील मिश्रा आदि का गरिमामयी उपस्थिति था। कार्यक्रम का संयोजन डां डी के उपाध्याय एवम समीक्षात्मक विश्लेषण एस के पाण्डेय प्राचार्य ने किया। गोदरीपारा इकाई के अध्यक्ष आर पी शुक्ला ने अगस्त माह में ब्राह्मण समाज गोदरीपारा इकाई द्वारा एक आयोजन गोदरीपारा में कराये जाने की घोषणा किया।

## बर्न यूनिट के आभाव में झुलसे मरीजों की जान जा रही- उमेश अग्रवाल

### जिला भाजपा अध्यक्ष ने विधायक से पूछा बताए क्यों मेकाहारा में शुरू नही हो सका बर्न यूनिट

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने स्थानीय विधायक प्रकाश नायक को निष्क्रिय विधायक बताते हुए कहा उनकी निष्क्रियता की वजह से जिले के एकमात्र सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पताल में झुलसे हुए मरीजों के लिए बर्न यूनिट शुरू नहीं हो पाया है। बढ़ते औद्योगिकरण की वजह से जिले में औद्योगिक दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ी है। जलने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ी है। मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद बर्न यूनिट की सुविधा का अभाव जिले के कांग्रेसी विधायकों एवं मंत्री की काबलियत पर सवालिया निशान है। झुलसे हुए मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार कराने के लिए विवश होना पड़ रहा है। बहुत से ऐसे भी प्रकरण है जिनके आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों ने अव्यवस्था में घिरे जिला अस्पताल में इलाज करवाते-करवाते दम तोड़ दिया। उमेश अग्रवाल ने कहा मेडिकल कॉलेज भाजपा शासन की देन है उसके बावजूद कांग्रेस सरकार बेहतर सुविधा मुहैया नही करवा पा रही। मेडिकल कॉलेज की सुविधा शुरू होने के बावजूद मरीजों को राजधानी की दौड़ लगाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। गरीब मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज की सुविधा सफेद हाथी साबित हो रही है। जिले की जनता कांग्रेस को वोट देने की सजा भुगत रही हैं।

## सारंगढ़ के वार्डों सहित बोईरडीह, बासीनबहरा, टिमरलगा और नौरंगपुर के आंगनबाड़ी में भर्ती के लिए 1 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

महिला एवं बाल विकास विभाग के सारंगढ़ परियोजना में विभिन्न कारणों से कार्यकर्ता, सहायिकाओं, मिनी कार्यकर्ता के पद रिक्त हुए हैं, जिनके नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सारंगढ़ के वार्ड- 9/3 सहित ग्राम बोईरडीह और बासीनबहरा में तथा आंगनबाड़ी सहायिका, सारंगढ़ के वार्ड 3, वार्ड- 9/3 सहित ग्राम टिमरलगा और नौरंगपुर में नियुक्त किया जाना है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 1 अगस्त 2023 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ में कार्यालयीन दिवस और समय पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता पद हेतु बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं सहायिका पद हेतु आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस भर्ती में विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा महिलाओं को 15 अंक अतिरिक्त दिया जाएगा। नियुक्ति नियमावली व निर्देश के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कार्यकर्ता का पद पूर्णत अस्थाई या मानसेवी होगा। शासन द्वारा निर्धारित दर पर प्रति माह मानदेय भुगतान किया जायेगा। जिस ग्राम में आंगनबाड़ी पद रिक्त है आवेदिका उसी ग्राम की एवं नगरीय क्षेत्र के लिए उसी वार्ड की स्थानीय निवासी होना चाहिए। आवदेन पत्र के साथ निवास के संबंध में निम्न में से काई एक दस्तावेज संलग्न किया जावेगा, जिस वार्ड/ ग्राम में आंगनबाड़ी पद रिक्त है उस वार्ड/ग्राम की अद्यतन मतदान सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसका उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए या संबंधित ग्राम के सरपंच तथा सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों हेतु वार्ड पार्षद या पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जिसमें वार्ड/ग्राम में निवासरत रहने का पता का स्पष्ट उल्लेख हो। आवेदिका का उम्र 18 वर्ष से कम तथा 44 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की तिथि से की जायेगी। आवेदिका को आवेदन करते समय अपने दस्तावेजों में स्व प्रमाणित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। आवेदन में वर्तमान का नवीन पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करना अनिवार्य होना। आवेदिका को आगनबाड़ी कार्यकर्ता मिनी कार्यकर्ता पद हेतु 12वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं सहायिका पद हेतु 8वी कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। सहायिका पद हेतु कक्षा 8वीं का अंक सूची संलग्न करना अनिवार्य होगा। ग्रेडिंग की दशा में संबंधित संस्था के प्रधानपाठक से सत्यापित अंक सूची संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिसमें प्राप्तांक एवं प्रतिशत का स्पष्ट उल्लेख हो, अन्यथा मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। यदि उस ग्राम में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदिका अनुपलब्ध हो तो नियमानुसार शैक्षणिक योग्यता में शिथिलता प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आवेदिकाओं का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर 10 अंक प्रदाय किया जाएगा। गरीबी रेखा की प्रभावशील सूची अनुसार रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के सदस्य होने पर 06 अंक प्रदाय किया जायेगा इस हेतु संबंधित परिवार के सदस्यता के संबंध में राशन कार्ड की प्रति भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम में 8वीं तक अध्ययन करने पर 3 अंक प्रदाय किया जाएगा। तद् संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करे। विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा महिलाओं को 15 अंक अतिरिक्त दिया जाएगा। इस हेतु आवेदिका को निम्नानुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। परित्यकता के संबंध में निम्न में से कोई एक प्रमाण पत्र मान्य होगा। संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र, नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड पार्षद द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया हो तो उसे प्रस्तुत किया जाए या न्यायालय द्वारा जारी तत्संबंधी आदेश की प्रति। नोट- परित्यकता महिला के संबंध में 2 वर्ष से अधिक की ही अवधि को मान्य किया जाएगा। तलाकशुदा महिला होने के संबंध में न्यायालयीन आदेश की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। यदि शासन से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता/पेंशन प्राप्त किया जा रहा है तो उसका प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जा सकता है। पूर्व से कार्यरत न्यूनतम एक वर्ष की अनुभव धारण करने वाली कार्यकर्ता/मिनी कार्यकर्ता/सहायिका को 06 अंक अतिरिक्त प्रदान किया जावेगा। तद् संबंध में सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

निर्धारित योग्यता में 60 प्रतिशत अंक आधार पर प्रवीण्य सूची तैयार की जायेगी। आवेदिका आवेदन करते समय अपने सम्पूर्ण दस्तावेजो का स्वयं भली-भांति जाचं कर लेवें। बाद में अथवा दावा आपत्ति के समय अंक प्रदान करने हेतु प्रस्तुत नवीन दस्तावेज मान्य नहीं होगा। दावा आपत्ति में आवेदन के समय प्रस्तुत दस्तावेजों पर ही आपत्ति स्वीकार किये जावेगें। त्रुटि पूर्ण आवेदन अस्पष्ट आवेदन होने पर आवेदन निरस्त माना जाएगा। निर्धारित समय तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## क्रांतिकारी बाल गंगा धर तिलक,चंद्र शेखर आजाद की जयंती पर ओपी ने किया स्मरण

# बाल गंगाधर तिलक चंद्रशेखर आजाद ने देश के लिए जीवन बलिदान किया-ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्वराज के लिए तत्पर महान समाज सुधारक विचारक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगा धर तिलक एवम देश प्रेम वीरता के पर्याय महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर दोनों का पुण्य स्मरण करते हुए भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी नें कहा दोनो क्रांतिकारियों ने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।



ओपी चौधरी ने दोनो के जीवन को आजाद भारत के लिए प्रेरणा दाई बताते हुए कहा देश आपका ऋ णी रहेगा। बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में हुआ था। तिलक ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को जनमत से जोड़कर उसे एक लोकप्रिय और स्वयंसेवी आंदोलन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। जनता के मध्य लोकप्रिय होने की वजह से उन्हें लोकमान्य की उपाधि से भी पहचाना जाता है। तिलक ने 1877 में पुणे के दक्कन कॉलेज से गणित में अपनी ग्रेजुएशन पूरी की। 3 जुलाई 1908 को अंग्रेजों ने गंगाधर तिलक को क्रांतिकारियों के पक्ष में लिखने पर गिरफ्तार किया था। उन्हें 6 साल की सजा सुनाई गई और बर्मा के मंडले जेल में भेज दिया गया। जेल में रहने के दौरान ही तिलक ने 400 पन्नों की किताब गीता रहस?य भी लिखी। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने वर्ष 1916 नारा दिया कि स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा। तिलक भारतीय राष्ट्रवादी, पत्रकार,शिक्षक, समाज सुधारक, वकील और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लोकप्रिय नेता थे। केशव गंगाधर तिलक, जिन्हें श्भारतीय अशांति के जनक,के रूप में जाना जाता है। वह उन नेताओं में से एक हैं जो भारत में स्वराज या स्व.शासन के लिए हमेशा खड़े हुए। महात्मा गांधी ने उन्हें श्आधुनिक भारत का निर्माता भी कहा था। तिलक ने मराठी और अंग्रेजी अखबार श्मराठा दर्पण और केसरी में अंग्रेजी शासन की क्रूरता के खिलाफ आवाज देश वासियों तक पहुंचाई। भाजपा नेता ओपी ने भारत माता के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद को उनकी 117 वीं जयंती पर स्मरण करते हुए बताया मध्यप्रदेश के झाबुआ में जन्में चंद्रशेखर आजाद ने महज 24 साल की उम्र में देश के लिए अपने प्राणों की आहूती दे दी। उन्होंने सबसे पहले यह नारा दिया था मैं आजाद हूं। आजाद रहूंगा और आजाद ही मरूंगा। भारत की आजादी के लिए अपनी जान की कुर्बानी देने वाले देश के महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का जन्म भाबरा गांव अब चन्द्रशेखर आजादनगर वर्तमान अलीराजपुर जिला में एक ब्राह्मण परिवार में 23 जुलाई सन् 1906 को हुआ था। चंद्रशेखर आजाद हमेशा आजाद ही रहे। उन्होंने सुखदेव राजगुरु और भगत सिंह को फांसी ना हो इसके लिए भी काफ ी प्रयत्न किए, किंतु वीरभद्र की मुखबिरी के कारण अंग्रेजों द्वारा 27 फरवरी, 1931 के दिन इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में हुई भीषण गोलीबारी के दौरान देश के सबसे बड़े क्रांतिकारी ने अपने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। सन् 1922 में गांधी द्वारा असहयोग आन्दोलन को अचानक बन्द कर देने के कारण उनकी विचारधारा में बदलाव आया और वे क्रान्तिकारी गतिविधियों से जुड़ कर हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गये। इस संस्था के माध्यम से राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में पहले 9 अगस्त 1925 को काकोरी काण्ड किया। इसके पश्चात् सन् 1927 में बिस्मिल के साथ 4 प्रमुख साथियों के बलिदान के बाद उन्होंने उत्तर भारत की सभी क्रान्तिकारी पार्टियों को मिलाकर एक करते हुए हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया तथा भगत सिंह के साथ लाहौर में लाला लाजपत राय की मौत का बदला सॉण्डर्स की हत्या करके लिया एवं दिल्ली पहुंच कर असेम्बली बम काण्ड को अंजाम दिया। दोनों महान क्रांतिकारियों का नाम देशवासियों के दिलो में जीवित रहेगा

## एक नजर

### जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर की भर्ती हेतु आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

जिला न्यायालय रायपुर के ड्राप बॉक्स में ही आवेदन जमा करना होगा

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़-बिलाईगढ़।

जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर में स्टेनोग्राफर हिन्दी और सहायक ग्रेड- 3 की सीधी भर्ती हेतु आवेदन 31 जुलाई 2023 की शाम 5 बजे तक जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर में रखे ड्राप बॉक्स में ही जमा करना होगा। डाकघर या अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय के वेबसाईट डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन रायपुर से अवलोकन किया जा सकता है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में संविदा भर्ती हेतु 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जिला न्यायालय कोरबा के ड्राप बॉक्स में ही आवेदन जमा करना होगा

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़-बिलाईगढ़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में कार्यालय सहायक-क्लर्क, रिसेप्शनिष्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर टाइपिस्ट और कार्यालय भृत्य, मुंशी-अटेन्डेट की संविदा भर्ती हेतु आवेदन 31 जुलाई 2023 की शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन, जिला न्यायालय परिसर कोरबा में रखे ड्राप बॉक्स में जमा करना होगा। डाकघर या अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय के वेबसाईट डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इनध्कोरबा से अवलोकन किया जा सकता है।

### कुटुम्ब न्यायालय मुंगेली में सीधी भर्ती हेतु आवेदन 31 जुलाई तक

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कुटुम्ब न्यायालय मुंगेली में वाहन चालक, भृत्य-फ र्राश और आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों वाटरमेन, चौकीदार, स्वीपर तथा माली आदि के 8 पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन 31 जुलाई 2023 तक आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला न्यायालय के वेबसाईट डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन मुंगेली से प्राप्त की जा सकती है।

### कोरबा जिले के किक.बाक्सर देवसागर आस्ट्रेलिया में सम्मानित

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अंतर्राष्ट्रीय रेफरी एवं सीएमए, किकबाक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ी देवसागर साहू को आस्ट्रेलिया के ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि देवसागर साहू कोरबा जिले के महाराणा प्रताप नगर निवासी संतोष कुमार साहू एवं भारती साहू सुपुत्र हैं। अपनी स्कूली शिक्षा इन्होंने सैनिक स्कूल से सम्पन्न की।

## मणिपुर में हिंसा व शर्मनाक घटना पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रर्दशन

**कोरबा** । मणिपुर में हिंसा एवं महिलाओं से हुई शर्मनाक घटना को केंद्र सरकार कर कुशासन बताते हुए जिला युवा कांग्रेस ने बरपाली चौक में विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व जनपद अध्यक्ष धनेश्वरी कंवर के विशेष उपस्थिति एवं जिला महासचिव मधुसूदन दास एव विधानसभा अध्यक्ष शिवम राय के नेतृत्व में अक्रोशित युवाओं ने चौक में जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार के कुशासन का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधी धनेश्वरी कंवर ने कहा की केंद्र में बैठी नरेन्द्र मोदी की सरकार पूरी तरह से असफल है। यह सरकार केवल अपने प्रचार में लगी है मणिपुर जहां उनकी सरकार है उस जगह पर भी इतनी बड़ी घटना हो गई लेकिन कानून व्यवस्था चरमरा गइ है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस महासचिव मधुसूदन दास ने कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह से मणिपुर के हालात को काबू करने में नाकाम है। लगातार वहां की स्थिति बद से बदतर होते जा रहा है।

जिसका युवा कांग्रेस विरोध करती है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शिवम राय व एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी मणिपुर जाकर वह के हालातों का जायजा ले रहे है। युवा कांग्रेस ऐसे केंद्र के कुशासन और असफल नेतृत्व कर्ता का विरोध करती है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व सरपंच गोविंद नारायण पैकरा,सांसद प्रतिनिधि मनदीप शर्मा,उमा यादव,उपाध्यक्ष अमृत कंवर,जिला संयोजक महेश मैत्रीए,एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष बंटी प्रजापति आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

# बालक आश्रम खोंगापानी में स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंची एमएमयू

68 बच्चों का किया गया स्वास्थ्य जांच सह उपचार

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगरीय निकायों में मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। हमर मुखिया के विजन खुशहाल सब्बो झन के तर्ज पर चलित स्वास्थ्य वाहन के द्वारा गली-मोहल्लों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा प्रदान किया जा रहा है। एमएमयू में डॉक्टर की टीम के द्वारा निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, लैब टेस्ट और दवा की सुविधा प्रदान किया जाता है। नगर निगम चिरमिरी में 2 एवं नगर पंचायत मनेंद्रगढ़, खोंगापानी, झगराखंड व लेदरी में 1 मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। एमएमयू में सभी तरह के लैब टेस्ट ब्लड टेस्ट, बीपी, शुगर, मलेरिया, जैसे अन्य 41 प्रकार के जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। एमएमयू के एपीएम हिमांशु वर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद खोंगापानी में रविवार को शासकीय आदिवासी बालक आश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बारिश के मौसम में बच्चों को अक्सर सर्दी, खांसी, बुखार और खुजली जैसी शिकायत रहती है। शिविर के माध्यम से लगभग 68 स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य जांच सह उपचार किया गया। बच्चों को विटामिन का सीरप भी प्रदान किया गया। एमएमयू में आकर बच्चे बहुत खुश हुए।

# रोजगार सहायक नियमितीकरण समेत दो सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

किसान नेता योगेश तिवारी ने धरना स्थल पहुंचकर रोजगार सहायकों की मांगों को दिया समर्थन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ जनपद पंचायत बेरला नियमितीकरण समेत दो सूत्रीय मांगों को लेकर का 14 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। रोजगार सहायक संघ लंबित मांगों को शासन के समक्ष कई बार अवगत करा चुका है। किसान नेता योगेश तिवारी अपने समर्थकों के साथ रोजगार सहायकों की मांगों को समर्थन देने धरना स्थल बेरला गौठान पहुंचे। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि सरकार चुनावी घोषणा पत्र में किए वादे पूरा करने में असफल रही है, इसलिए रोजगार सहायक समेत अन्य सरकारी कर्मियों को बार-बार हड़ताल पर जाना पड़ रहा है, जो प्रशासनिक कार्यों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। आज रोज़गार सहायक कि हड़ताल के चलते सभी शासकीय कार्यों में बाधा पहुँच रहाँ है और हड़ताल के चलते आम जनता के अपने सरकारी कार्यों में कोई प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ रहाँ है। रोजगार सहायकों की प्रमुख मांगों में ग्रेड पे निर्धारण करते हुए नियमितीकरण करने, नियमितीकरण होने तक रोजगार सहायकों का ग्राम पंचायती राज अधिनियम 1966 पंचायत कर्मी नियमावली लागू करना शामिल है। और आज प्रदर्शन में अध्यक्ष रविकांत नेताम, उपाध्यक्ष रामकुमार नेताम, सुनील टिकरिहा, योगेश्वर सिन्हा, गोलू सिन्हा, नोकराम सिन्हा, रवि मिशी, भाऊराम, कलीराम, टिकेश्वर निषाद, दुर्गेश कुमार, पुष्पा सिन्हा, पदमा साहू, काजल, रानी बंजारे, अर्चना, चंद्रप्रभा, त्रिवेणी, लीलावत, खेलन साहू, अंजू, अनुशूया, आरती ध्रुव, भोलाराम, देवकी, मंजू परगनिहा, प्रीति, इंद्रजीत, राजू निषाद, रेशम देवांगन, रोहित निर्मलकर, शतरूपा, अविनाश कुमार, गोविंद, लोकेश्वर प्रसाद, राधा, सत्यनारायण टंडन आदि उपस्थित रहे ।

# विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर डॉ. जगजीवन खरे ने लगातार घर-घर जाकर विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से कर रहे जनसंपर्क

नवागढ़ विधानसभा के प्रबल दावेदारी कर रहे डॉक्टर जगजीवन खरे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा के प्रबल दावेदारी कर रहे भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरे इन दिनों अपने आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर काफी क्षेत्र में सुर्खियां बटोर रहे हैं।

उन्होंने इस समय लगातार एक के बाद एक क्षेत्र में युथ से लेकर बूथ स्तर तक जनसंपर्क कर रहे हैं जनता के बीच हर छोटी-बड़ी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान में भी लगे हुए हैं। ताकि आने वाले समय में इस बार नवागढ़ विधानसभा को पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा के पक्ष में जीत दिलाने को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं! भाजपा नेता ने केंद्र सरकार कि हर जन कल्याणकारी योजनाओं को भी गांव गांव से लेकर हर गरीब तबके के लोगों को भी इसक सीधा लाभ पहुंचाने में लगे हैं। उन्होंने इसी बीच जनसंपर्क के दौरान नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया।

### क्षेत्र के लोगों में दिखा काफी उत्सुकता

इस समय क्षेत्र की जनताओं मे भी काफी उत्सुकता से भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरे को भावी विधायक के रुप में भी देख रहे हैं!



तथा ग्रामीण स्तर में भी डॉक्टर जगजीवन खरे को देखकर महिलाएं एवं युवाओं व बुजुर्ग बच्चों में भी खुशी की लहर दौड़ रही है। ग्रामीणों से जनसंपर्क के दौरान पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में अगर डॉक्टर जगजीवन खरे को भाजपा पार्टी प्रत्याशी बनाती है तो उसका जीत निश्चित तौर पर होगा और इसका सीधा असर नवागढ़ विधानसभा में बहुत बड़ा बदलाव भी होगा क्षेत्र में विकास का रास्ता भी खुल जाएगा विधानसभा में ऐसी बहुत से गांव है जहां कई असुविधाएं देखने को मिलेगा जहां आवागमन के लिए कच्ची सड़क पक्की रोड का रिपेयरिंग ना पेयजल की व्यवस्था सीसी रोड नाली निर्माण का ना होना ऐसी कई विभिन्न समस्याओं को ग्रामीणों ने बताया और उन्होंने ये भी कहा कि अभी वर्तमान में गांव के हर छोटी-छोटी समस्याओं को निराकरण करने मैं लगे रहते हैं जिससे क्षेत्र की जनता काफ ी खुश है।

# तमनार के ग्राम गारे में कंवर समाज का क्षेत्रीय बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़ - तमनार।



रायगढ़ जिले के विकास खण्ड तमनार के ग्राम गारे में चंद्रवंशी कंवर समाज के अंतर्गत सामाजिक बुराईयों एवं समाज में व्याप्त कुरितियों तथा समाज क मुख्यधारा से अलग थलग हो रहे लोगों को समाज के नियमानुसार जातिगत तथा रूढ़ी जन्य परंपरागत व्यवस्था के तहत समाज में बेटी बहीन के लेन देन एवं कंवर समाज से किसी अन्य समाज के लोगों के साथ शादी बर विवाह कर लिए लोगों को समाज के नियम तथा कानून को मानने एवं समाजिक रीति रिवाज के अनुसार चलने तथा समाज से अलग होने पर सामाजिक दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत समाज में उचित दण्डत्मक सजा तथा जुर्माना कर पुन॰समाज में मिलाने को लेकर राठ क्षेत्र के तमनार के गारे गाँव में क्षेत्रीय कंवर समाज का बैठक आयोजित किया गया था । जिसमें लैलूंगा विधान सभा के पूर्व विधायक हृदय राम राठिया एवं पूर्व विधायक सह मंत्री सत्यानंद राठिया तथा अमल साय राठिया लिबरा मण्डल अध्यक्ष, चक्रधर राठिया पेलमा क्षेत्र, प्रेमसाय राठिया मौहापाली क्षेत्र, श्रीमती जानकी राठिया, डुलामणी राठिया, अमिलाल राठिया, यार कुमार राठिया, सामाजिक सचिव हेमसागर राठिया, संयुक्त सचिव जगत राम राठिया, डमरू राठिया अध्यक्ष बहिरकेला, पदुम लाल राठिया सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत गारे सहित तमनार क्षेत्र के कंवर समाज के सगा बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिती में संपन्न हुआ ।

## 20 जुलाई से हुआ शुरू, 30 जुलाई तक रहेगा जारी

# कुपोषित बच्चों के घर जाकर बता रहे सही खानपान और जीवनशैली के तरीके

**कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर कुपोषित बच्चों और गर्भवती माताओं के घरों में चल रहा गृह भेंट अभियान**

जिले में कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य की देखभाल और मॉनिटरिंग के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर 20 जुलाई से पूरे जिले में गृह भेंट अभियान शुरू किया है।







यह अभियान अगले 30 जुलाई तक चलेगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पिछले दिनों महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कुपोषित बच्चों के घर जाकर गृहभेंट करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि कुपोषण से निकालने के लिए प्रभावित बच्चों के पालकों को सही खानपान और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दें। जनप्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल करें। कुपोषित बच्चा नियमित रूप से पोषण आहार लें, इसकी मॉनिटरिंग करें। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का फॉलोअप लेने और उन्हें भी स्वास्थ्य संबंधी सलाह देने के निर्देश दिए हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग टी.के. जाटवर ने बताया कि कलेक्टर सिन्हा के निर्देशानुसार जिले में चिन्हांकित 0-6 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों के घरों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका जाकर सही पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच संबंधी जानकारी दे रही हैं। साथ ही गर्भवती महिलाओं से भी भेंट कर उन्हें नियमित एएनसी चेकअप, पोषण आहार, सुरक्षित और संस्थागत प्रसव के तरीके और लाभ बता रही हैं। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई से गृह भेंट अभियान की शुरुआत हुई है, जो आगे 30 जुलाई तक जारी रहेगा।

# खर्री बड़े के खाली खदानों में डाल रहे बिना आरो परमिशन के अवैध फ्लाई ऐश,जन जीवन को खतरा,अधिकारी मौन







जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले से लगे ग्राम पंचायत खर्री बड़े में इन दिनों अवैध रूप से फ्लाई ऐश की डंपिंग की जा रही है। वही मिली जानकारी के अनुसार तिरुपति रोड केरियर द्वारा रोड से लगे हुए और नाला से 10 कदम की दूरी पर स्थित खदान में अवैध रूप से फ्लाई ऐश पाटने का काम किया जा रहा है। ना तो इनको शासन-प्रशासन की डर है और ना ही कोई अधिकारी का खौप, बेधड़क होकर बिना नियम कायदे के ही अवैध रूप से फ्लाई ऐश की डंपिंग की जा रही है। ट्रांसपोर्टर अपनी जेब भरने के लिए अवैध रूप से फ्लाई ऐश पाट रहे हैं और कई लोगों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वही जिले बनने के बाद अधिकारियों की आवागमन भी तेजी है लेकिन इनको उच्च अधिकारियों को डर भी नही दिख रहा आखिर ऐसे क्यों हो रहा है। यहां लेकिन शासन-प्रशासन है कि इस ओर कभी सुध लेने की जरूरत ही नहीं समझते क्या की इतने दिनो तक इस मुख्य मार्ग से होकर गुजर रहा है। लेकिन किसी भी अधिकारी को नजर तक नहीं आया। बड़े-बड़े ठेकेदार और ट्रांसपोर्टर तो कई अधिकारियों को अपने जेब में रखकर काम करवाने में लगे हुए हैं ऐसे प्रतीत और विश्वस्त सूत्रों से प्रमाणित हो रही है। वही खर्री बड़े में अवैध रूप से पहले खुदा खदान फिर निकाला पत्थर और अब उसके बाद उसी में अवैध रूप से फ्लाई ऐश डाला जा रहा है। ये नियम के विपरित दिखाई दे रहा है इस पर विभाग भी सुध नहीं ले रहा न जाने क्योंएइतनी मेहरबानी बरसाया जा रहा है।

### पास में है नदी और पाट रहे अवैध रूप से फ्लाई ऐश जल संसाधन भी गहरी निद्रा में

वही सारंगढ़ से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर खर्री बड़े क्रेशर उद्योग के बगल में बड़े-बड़े गड्ढे करके छोड़ दिए गए हैं। उसी में अब लोगों को मरने के लिए मजबूर करने जैसे प्रतीत हो रहे है यहा अवैध रूप से एनटीपीसी लारा से लाकर फ्लाई ऐश की डंपिंग की जा रही है। वैसे तो देखा जाए तो पर्यावरण विभाग कुंभकरण की नींद सो रहा है। क्योंकि नदी नाले अगर बगल में है तो फ्लाई ऐश पाटने का परमिशन नहीं दिया जाता है। लेकिन यहां तो सूत्र बता रहे हैं कि आंख मूंदकर पर्यावरण विभाग द्वारा परमिशन दे दिया गया होगा या फिर हो सकता है तिरुपति रोड कैरियर के ट्रांसपोर्टर द्वारा शासन-प्रशासन को चूना लगाने के लिए गुड़ेली पर जगह नहीं मिलने पर अवैध रूप से पार्टनर में चालू कर दिया होगा। वही देखा जाए तो 10 कदम की दूरी पर नात नाला वहीं से गुजरा हुआ है अगर फ्लाई ऐश पूरी तरीके से पाठ दिया जाता है तो यह फ्लाई ऐश नाला में बहकर फिर चला जाएगा। जिससे पानी दूषित होगी और कई जीव जंतुओं को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अगर समय रहते शासन प्रशासन कार्यवाही कर दे तो यह बच सकते हैं। लेकिन शासन-प्रशासन है कि सिर्फ अपने जेब भरने में लगे हुए हैं इसीलिए तो अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है।

### फ्लाई ऐश पाटने के कई नियम, लेकिन एक को भी नहीं पूरा कर रहा ठेकेदार

वहीं अगर आप फ्लाई ऐश पाटने का एनओसी लिए हुए हैं तो कई सारे नियम कायदे रहते हैं ए जैसे ग्राम पंचायत खर्री बड़े में गांव वासियों से प्रस्ताव कर एन ओ सी लेकर फ्लाई एस डाल कर एक लेयर मिट्टी डालना रहता है। लेकिन यहां तो मिट्टी का नामोनिशान नहीं है। वही जब हमने पता करना चाहा कि पंचायत से एन ओ सी लिया गया है या नहीं तो पता नहीं चल पाया। ऐसा लग रहा है कि तिरुपति रोड कैरियर के ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से फ्लाई एस पाट कर अपने जेब भरने में लगे हुए हैं और अधिकारी कर्मचारी सिर्फ मुख दर्शन बने हुए हैं। वैसे तो 10 किलोमीटर की दूरी पर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार सभी अधिकारी जिले में विराजमान हैं। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दें रहे हैं। क्योंकि प्रदूषण विभाग तो रायगढ़ में बैठे हुए हैं और घोड़े बेच कर सो रहे हैं। यू कहें कि अधिकारियों के संरक्षण में यह सब काम संचालित हो रहा है और वहां के रहवासियों को बीमार करने में लगे हुए हैं । अगर फ्लाई ऐश को मिट्टी से ढका नहीं गया तो उड़ कर यह फिर पानी में बह कर कई घरों को बर्बाद कर सकती है ए लेकिन अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। क्योंकि वह तो अधिकारियों को अपने जेब में रखने वाले ट्रांसपोर्टर यह अवैध रूप से काम कर रहे हैं और शासन प्रशासन को गुमराह भी कर रहे हैं। आने वाले वक्त में अधिकारियों जागते हैं या फिर प्रदूषण विभाग के अधिकारी घोड़े बेच कर सो जाते हैं।

### दो दिन पहले ही बिजली खंभा को किया था छतिग्रस्त,तिरुपति रोड केरियर की गाड़ी

वही बताया जा रहा है कि अवैध रूप से संचालित कर गड्ढे में फ्लाई एस पाटने का काम तिरुपति रोड केरियर के द्वारा किया जा रहा है। वही फ्लाई एस पाटते समय एक गाड़ी ने बिजली खंबे के तार को तोड़ दिया और तार तोड़ने व खंबा को तोड़ने से लाइट तो बाधित हुई है और सरकारी संपत्ति का भी भारी नुकसान हुई है।

वही देखा जाए तो रोड से लगे हुए गड्ढे में फ्लाई ऐश जा रहा है जिससे रोड में चलना लोगों के लिए आफ्त बन गया है ए क्योंकि रोड से लगे हुए खदान में फ्लाई एस को खाली किया जा रहा है तो रोड में भी फ्लाई एस आ रहा है और लोगों को चलनेफिरने में काफी दिक्कतों का सामना पड़ रहा है। वही राहगीर बताते हैं कि एक.दो दिन जब बाइक पर जा रहे थे कि बारिश होने से फ्लाई ऐश फिसलने के कारण एक दंपत्ति वहीं पर गिर गए थे। हालांकि उनको मामूली चोट आने से कोई जान-माल की हानि नहीं हुई। लेकिन ऐसे ही फ्लाई ऐश पाटते रहे और रोड में बिछाते रहे और नदी में फ्लाई ऐश जाता रहा तो आने वाले दिनों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले कि शासन-प्रशासन जागरूक हो जाए और इस पर नियमानुसार कार्यवाही करें। अब देखना होगा कि इस पर कार्यवाही होती है या फिर इसमें ट्रांसपोर्टर के रामराज्य चलता रहेगा।

### फ्लाई ऐश का उपयोग किस लिए किया जाता है

अन्य अनुप्रयोगों में, फ्लाई ऐश का उपयोग ईंटें, सिरेमिक टाइलें और प्लास्टर बनाने के लिए सामग्री के रूप में किया जाता हैय धातु और प्लास्टिक कंपोजिट और पेंट और चिपकने वाले पदार्थों में भराव के रूप में और सड़क निर्माण के लिए संरचनात्मक भरण के रूप में। ग्रिप गैस डीसल्फ राइजेशन उत्पाद कोयला राख के दूसरे सबसे प्रचुर प्रकार के रूप में रैंक करते हैं।

### फ्लाई ऐश इंसानों के लिए हानिकारक है

सूखने पर उड़ने वाली राख सांस के माध्यम से जाने का खतरा पैदा कर सकती है। सूखी फ्लाई ऐश फ्लू जैसे लक्षणों के समान श्वसन संबंधी जलन पैदा कर सकती है। निचली राख कोयला भट्ठी के तल पर जमा हुआ एक भारी, मोटा पदार्थ है। निचली राख में क्रेसोल और पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन जैसे अर्धवाष्पशील कार्बनिक यौगिक हो सकते हैं।

### फ्लाई ऐश सड़ने योग्य है

***लगभग सभी उद्योग कुछ मात्रा में गैर बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट उत्पन्न करते हैं। उदाहरण के लिए फ्लाई ऐश, स्लैग, मिट्टी जो पर्यावरण के लिए प्रमुख चिंता का विषय हैं।***

## एक नजर

### कांग्रेस नेता द्वारा सरकारी कर्मचारी की पिटाई पर ओपी ने आपत्ति जताई

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।



नारायणपुर जिले में छात्र कांग्रेस नेता सक्कू सलाम की गुंडागर्दी का विडियो ट्विटर हैंडल से जारी करते हुए भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछा- क्या यही है गड़बो छत्तीसगढ़ की तस्वीर? जारी वीडियो में सक्कू नेतागिरी की धौस दिखाकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में घुसकर एक कर्मचारी की पिटाई करता नजर आ रहा है। ओपी चौधरी ने कुछ दिन पहले बिलासपुर में युवक कांग्रेस अध्यक्ष शेरू असलम द्वारा एक किसान को जमीन विवाद में धमकाए जाने का वीडियो भी शेयर करते हुए भूपेश सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा किया था। कांग्रेस सरकार के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर ओपी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कांग्रेस से जुड़े नेताओं द्वारा इस तरह से मारपीट धमकी की घटनाओं से लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान घट रहा है।

### जमीन विवाद को लेकर पुत्र ने किया पिता की डंडे मारकर हत्या

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




ग्राम कुप्पी चौकी कुदरगढ़ निवासी उजागिर सिंह ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि खेत में बिड़ा उखाड़ रहा था उसी दौरान भाई अजय ने आकर बताया कि अमर सिंह उर्फ बबलू के द्वारा अपने पिता मनिजर को खरदहा नाला के उपर डांड में जमीन संबंधी बात को लेकर डण्डा से मारकर हत्या कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 45/23 धारा 302 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी कुदरगढ़ की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी अमर सिंह पिता स्व. मनिजर सिंह उम्र 35 वर्ष ग्राम कुप्पी को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी कुदरगढ़ आरसीराय, प्रधान आरक्षक मुकेश यादव, राजेन्द्र कुमार, आरक्षक अमिताभ रावत व रामकुमार सक्रिय रहे।

### बालको ने इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट के इस्तेमाल सेसस्टेनिबिलिटी को दिया बढ़ावा

**कोरबा-बालकोनगर** । वेदांतासमूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने हरित औरसस्टेनेबल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की घोषणा की है। अपने संयंत्र में छह इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट के सफल संचालन के साथ बालको ने 100: इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट में परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। फोर्कलिफ्ट का बालको के दैनिक प्रचालन कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान है जो तैयार माल की आवाजाही, ब्रेकडाउन, रखरखाव प्रबंधन, कच्चे माल की आवाजाही, स्टोर प्रबंधन और गोदाम संचालन जैसे कार्यों को सुविधाजनक बनाया है।

कंपनी सस्टेनिबिलिटी के प्रतिबद्धता और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के दृढ़ संकल्प के अनुरूप इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट को अपनाने का निर्णय पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति उसके समर्पण का उदाहरण है। यह पर्यावरण.अनुकूल पहल बड़ा प्रभाव डालने के लिए तैयार है। इससे अनुमानित रूप से लगभग 85,000 लीटर डीजल की खपत में वार्षिक कमी तथा प्रति वर्ष 246 टन कार्बन डाईऑक्साइडउत्सर्जन में कमी आएगी। यह मील का पत्थर बालको की महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2050 तक या उससे पहले शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के अनुरूप है।

इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से युक्त हैं जो कर्मचारियों की भलाई तथा वाहन और ड्राइविंग मानकों के पालन के लिए बालको की प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं। फोर्कलिफ्ट विभिन्न सुविधाओं से युक्त है जिसमें भार के लिए सॉफ्ट लैंडिंग भार को धीमें से नीचे लाना एसी ट्रैक्शन मोटर, कर्व कंट्रोल, ओवरहेड गार्ड के माध्यम से बढ़ी हुई दृश्यता, हैंडल के साथ रिवर्स हॉर्न, चौड़े रियर टायर, रेड जोन लाइट औरब्लू स्पॉटलाइट शामिल हैं।

# करबला के शहीदों की याद में हैदरी ब्लड ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर

पुरुषों के साथ महिलाओं ने किया ब्लड डोनेट



**रायपुर।** करबला के शहीदों की याद मे किए गए रक्तदान में अन्य धर्मों के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार 23 जुलाई को %करबला के महान शहीद , सत्य के रक्षक, अहिंसा के प्रतीक हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके वफादार साथी शहीदों की याद में हैदरी ब्लड ग्रुप ने भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह ब्लड कैम्प रायपुर के मोमिन पारा स्थित हैदरी इमामबाड़ा में सुबह 10ः00 बजे से किया गया, जो कि शाम 6ः00 बजे तक चला.कल कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन और उनके साथियों का बड़ी बेरहमी से खून बहाया गया था. यहां तक कि छः माह के बच्चे के गले को भी लहू-लुहान कर दिया गया था. उन्हीं महान बलिदानियों, जिनका संदेश था, जियो और जीने दो, को श्रद्धांजलि देने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया. जो कि आशा से अधिक सफल रहा. इस शिविर की सफलता में बिलासा ब्लड सेंटर का भरपूर सहयोग मिला, जिसकी समाज के लोगों ने जमकर प्रशंसा की. इस शिविर में मानवता प्रेमियों ने धर्म और जाति से ऊपर उठकर रक्तदान किया।

# छत्तीसगढ में 3 दिवसीय आईएएस कॉन्क्लेव प्रारंभ, आज भी होंगे कई कार्यक्रम



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मे फेयर होटल में कल शाम से तीन दिवसीय आईएएस कॉन्क्लेव प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठतम सदस्यों की पत्निओ ने किया। इनमें ऋतु जैन, आभा सिंह, इंदिरा मिश्रा, रेखा सिंह एवं राजलक्ष्मी पिंगुआ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्यालय में निवासरत सेवानिवृत अधिकारी, रायपुर में पदस्थ समस्त अधिकारी एवं सभी ज़िलों के कलेक्टर ष्ट्श्वह्र एवं अन्य मैदानी अधिकारी इस मौके पर उपस्थित थे। तीन दिन चलने वाले इस कांक्लेव में पहले दिन प्रदेश के समस्त आईएएस अधिकारी अपने परिवार के साथ सम्मलित हुए। कांक्लेव में नये व प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का परिचय करवाया गया। कांक्लेव के पहले दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिसमें विशेष रूप से अधिकारियों ने कुछ खेलों में हिस्सा लिया जिसके साथ ही संगीत व बैंड का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू, आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पिंगुआ व एसोसिएशन के सचिव प्रसन्ना आर उपस्थित थे।

# चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




ग्राम बरबसपुर थाना रामानुजनगर निवासी सुरेन्द्र साहू ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 जुलाई 23 को संजय मरावी व 1 अन्य व्यक्ति इसके घर के अंदर घुसकर नगदी रकम 20 हजार रूपये, सोने का झुमका 1 नग, सोने का टप्स 1 जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र 1 नग को चोरी कर ले गए है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 454, 380 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने चोरी के दोनों आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर थाना प्रभारी रामानुजनगर को निर्देश दिए। थाना रामानुजनगर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी संजय मरावी को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने 1 साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर ताला तोड़ने का औजार एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी संजय मरावी उर्फ संजू पिता स्व. जयलाल उम्र 25 वर्ष निवासी सारबहरा स्टेशन, थाना गौरेला, जिला जीपीएम को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर सहित उनकी टीम सक्रिय रही।

**बच्चों को पढ़ाई हेतु बेहतर परिवेश मिलेगा, बच्चों में पढ़ाई हेतु एक नई उमंग पैदा होगी**

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब जिले के स्कूल संवरने लगे

**योजना अंतर्गत शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष का हो रहा निर्माण**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब जिले के स्कूल संवरने लगे हैं। जिले में योजना अंतर्गत शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् जशपुर जिले में 1360 स्कूलों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप स्कूलों के कायाकल्प होने से अब बच्चों को पढ़ाई हेतु बेहतर परिवेश मिलेगा, जिससे बच्चों में पढ़ाई हेतु एक नई उमंग पैदा होगी। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यपालन अभियंता विपिन राज मिंज ने बताया कि जिले में इस योजना के तहत स्कूल भवनों को संवारने का कार्य निरंतर जारी है। जिसमें अतिरिक्त कक्ष 168, जीर्णोद्धार कार्य 1192 स्वीकृत हुए हैं और 140 अतिरिक्त कक्ष, जीर्णोद्धार 413 अर्थात 553 निविदा प्रक्रिया पर है। 91 अतिरिक्त एवं जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 716 अतिरिक्त कक्ष, जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है। इन स्कूलों की छतों को सुधार, टाईल्स, दीवारों में रंग-रोगन, शौचालयों की रिपेयरिंग के साथ ही स्कूल की साज-सज्जा भी की जा रही है। जिले में स्कूलों के रंगाई का कार्य गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से किया जा रहा है, इससे स्कूल भवन देखने में काफी आकर्षक नजर आ रहे हैं। जिले के जिन स्कूलों में कार्य पूरा हो गया है, वे बिल्कुल नए स्वरूप में नजर आ रहे हैं। इससे अब उन स्कूल के बच्चों को बेहतर परिवेश में सुविधाएं प्राप्त होंगी। स्कूल भवन पहले जर्जर हालत में था, बारिश के दिनों में यहां के छत से पानी टपकता था, अब छत के मरम्मत होने से पूरी तरह ठीक हो गया है, इससे बच्चे भी सुरक्षित रहेंगे और पढ़ाई करने में उनका मन भी अच्छे से लगेगा। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से बच्चों को अब बेहतर स्कूल भवन मिलेगा और वे अच्छे से पढ़ाई कर सकेंगे।

***स्कूलों के रंगाई का कार्य गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से किया जा रहा है, स्कूल भवन लग रहे आकर्षक***

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in